✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 294 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 24 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




समृद्धि यात्रा के तहत जहानाबाद पहुंचने पर सीएम नीतीश कुमार का स्वागत करती डीएम अलंकृता पाण्डेय




# जैविक खेती की ओर बड़ा कदम, नीम तेल अपनाएं, जहरीले कीटनाशकों से बचें : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि रासायनिक कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग से फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और यह मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अनुशंसित मात्रा से अधिक कीटनाशकों का प्रयोग कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों को बढ़ावा दे सकता है। राम कृपाल यादव ने कहा कि कीटनाशी अवशेष युक्त खाद्य पदार्थ न केवल मानव जीवन के लिए हानिकारक हैं, बल्कि पर्यावरण को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इसका असर पशु-आधारित खाद्य उत्पादों जैसे दूध, दही और मांस की गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे कीटनाशकों के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए फसल चक्र अपनाएं, प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें और कीटों के प्राकृतिक शत्रुओं जैसे परभक्षी एवं परजीवी जीवों का संरक्षण करें। साथ ही एकीकृत कीट-व्याधि प्रबंधन (आईपीएम) को अपनाने, फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप और अवरोधक फसल जैसे उपायों के उपयोग पर भी जोर दिया। कृषि मंत्री ने विशेष रूप से जैविक विकल्पों को बढ़ावा देते हुए कहा कि रासायनिक कीटनाशकों के स्थान पर नीम तेल, फफूंदनाशी और जीवाणुनाशी जैसे जैविक कीटनाशकों का प्रयोग करें जो पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग केवल अंतिम विकल्प के रूप में और अनुशंसित मात्रा में ही किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि अत्यधिक विषैले लाल, पीले या नीले लेबल वाले कीटनाशकों से बचें और हरे त्रिकोण लेबल वाले अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्पों का चयन करें। अंत में राम कृपाल यादव ने किसानों से सुरक्षित, संतुलित और टिकाऊ खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे न केवल उपज की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि समाज को स्वस्थ भविष्य भी मिलेगा।

## विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने इस वर्ष के तीनों संकायों के राज्य टॉपर्स–आदित्य प्रकाश (विज्ञान वर्ग), अदिति कुमारी (वाणिज्य वर्ग) और निशु कुमारी (कला वर्ग)–को विशेष रूप से बधाई दी। अपने संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस बार बिहार बोर्ड के 12वीं के परिणाम में बेटियों की उल्लेखनीय सफलता देश में चल रहे सशक्तिकरण प्रयासों का सकारात्मक संकेत है। उन्होंने इसे नरेंद्र मोदी की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल और नीतीश कुमार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष टॉपर्स की सूची में कुल 26 विद्यार्थियों में से 19 लड़कियों ने स्थान हासिल कर सफलता का परचम लहराया है जो समाज में बदलते सकारात्मक माहौल को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 85.19 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं जिनमें 86.23 प्रतिशत लड़कियां और 84.09 प्रतिशत लड़के शामिल हैं। इस उत्कृष्ट परिणाम को लेकर डॉ. प्रेम कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास की सराहना की।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, विकास में सहयोग के लिए जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बिहारवासियों के प्रति व्यक्त स्नेहपूर्ण भावनाओं और राज्य के विकास में रुचि लेने के लिए आभार प्रकट किया है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। उन्होंने हाल ही में राज्य को मिली विशेष आर्थिक सहायता का उल्लेख करते हुए बताया कि सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य, पर्यटन, बाढ़ नियंत्रण, मखाना बोर्ड की स्थापना, नए एयरपोर्ट के विकास तथा पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता जैसी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने पत्र में बिहार में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिताओं तथा एशियन हॉकी आयोजन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का लगातार बिहार आना राज्य के प्रति उनके विशेष लगाव को दर्शाता है। नीतीश कुमार ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने वहां रहने वाले बिहारवासियों को सम्मान और अपनापन दिया, उनकी मेहनत की सराहना की और उन्हें परिवार की तरह माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद भी बिहार के प्रति उनका वही स्नेह, आदर और लगाव बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से बिहार के कर्मठ और प्रतिभाशाली लोग राज्य और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। अपने पत्र में उन्होंने बिहार के गौरवपूर्ण अतीत, स्वतंत्रता संग्राम में राज्य की भूमिका और जयप्रकाश आंदोलन में बिहार के योगदान का भी उल्लेख किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को बताया कि भारत युद्ध नहीं, शांति का पक्षधर : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर दिए गए बयान पर बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री आज सदन में आए और उन्होंने सारी जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को बता दिया कि हम इस युद्ध की समाप्ति चाहते हैं और सरकार देशवासियों के साथ खड़ी हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा सकारात्मक रहते हैं और आज भी उन्होंने वही बातें की हैं। उन्होंने जहां संयम की बात कही, वहीं सतर्क रहने की जरूरत बताई। पीएम मोदी ने जानकारी दी कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में अपने ऊर्ज़ा आयात का डायवर्सिफिकेशन किया है। पहले क्रूड ऑयल, एलएनजी और एलपीजी, ऊर्जा जरूरतों के लिए 27 देशों से आयात किया जाता था। आज भारत 41 देशों से ऊर्जा आयात करता है। पीएम मोदी ने देशवासियों को भरोसा दिया है कि सरकार अलग-अलग देशों के सप्लायर के साथ भी संपर्क में है। प्रयास यह है कि जहां से संभव हो, वहां से तेल और गैस की सप्लाई होती रहे। भारत सरकार गल्फ और आसपास के शिपिंग रूट्स पर निरंतर नजर बनाए हुए है। सरकार का प्रयास है कि तेल, गैस या फर्टिलाइजर हो, या जरूरी सामान से जुड़े जहाज, भारत तक सुरक्षित पहुंचें।

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में 'क्रिएटिविटी ओलंपियाड' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्थानीय स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग के प्रांगण में आज एक अनूठे कार्यक्रम 'क्रिएटिविटी ओलंपियाड' का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर छिपी सृजनात्मक क्षमताओं को पहचानना और उन्हें उच्चतम स्तर तक विकसित करना था। इस अवसर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त वरीय पदाधिकारी, एपीसीएल के अध्यक्ष एवं क्रिएटिव लर्निंग के प्रणेता विजय प्रकाश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा 'आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सृजनात्मकता का विकास समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।' उन्होंने जीवन में सफलता के लिए 'सात मुख्य दक्षताओं' पर विशेष बल दिया जो इस प्रकार हैंः -एकाग्रता, स्मरण शक्ति, कल्पनाशक्ति, चिंतन शक्ति, अवलोकन शक्ति, भावनात्मक प्रबंधन, सम्प्रेषण शक्ति श्री प्रकाश ने कार्यक्रम के सूत्र वाक्य 'सर्वश्रेष्ठ से बेहतर' की व्याख्या करते हुए कहा कि इसका अर्थ स्वयं की पिछली उपलब्धियों और अपनी क्षमताओं को निरंतर चुनौती देकर आगे बढ़ना है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने बताया कि ओलंपियाड के दौरान 'बाउंसिंग बॉल', जनक योग और वेल्लुवर बासुकी योग जैसी गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने गर्व से कहा कि स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग एक ऐसा अनूठा संस्थान है जहां प्रतिवर्ष ऐसी नवाचारी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। यहां विद्यार्थियों के सामान्य मानसिक विकास के लिए विशेष शैक्षणिक सत्र संचालित होते हैं जो उनके व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वय शिक्षिका दीप्ति यादव, ज्योति और रिंकी ने किया। मंच का कुशल संचालन कक्षा नवम की छात्रा रिया और निधि द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा के छल से निराश लोगों का कांग्रेस की तरफ झुकाव: राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस पार्टी ने बिहार में चल रहे नैशनल टैलेंट हंट के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। पार्टी ने अब 30 मार्च तक आवेदन का अवसर दिया है। इसके बाद प्रतियोगिता आयोजित कर नतीजों की घोषणा कर दी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी नेताओं ने ये जानकारी दी है। इससे पहले 17 फरवरी को आवेदन की आखिरी तारीख थी। 17 फरवरी तक जिन लोगों ने आवेदन किए थे उनकी प्रतियोगिता आयोजित की जा चुकी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि लगन और रमजान की वजह से कई लोग प्रतियोगिता की निर्धारित तारीख को शामिल नहीं हो पाए। ऐसे लोग लगातार एक बार और अवसर देने की मांग कर रहे हैं।

## डॉ लोहिया ने किया था नफरत के खिलाफ लोगों से एकजुट होने का आहवान : मंगनी लाल मंडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि डॉ. लोहिया के विचारों को लेकर लालू प्रसाद ने गरीबों, शोषितों को मान-सम्मान दिया और नफरत करने वाले लोगों को उनके बताये हुए विचारों के अनुसार स्पष्ट रूप से जवाब देकर समाज में एक बेहतर वातावरण का निर्माण किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया अनवरत गांव की दशा एवं वहां की प्रतिभा को सुधारने व निखारने के लिए सदैव संघर्ष करते रहे। डॉ. लोहिया ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को सरजमीन पर उतारा। इस अवसर पर डॉ. लोहिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचंद्र पूर्वे, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, बिनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, शिवचंद्र राम, विनोद श्रीवास्तव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव मदन शर्मा, हरेंद्र कुमार कुशवाहा, मुकुंद सिंह, निर्भय कुमार अंबेडकर, संजय यादव, भाई अरुण कुमार, प्रमोद कुमार राम, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार सहनी, कुमर राय, महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, डॉ पीके चौधरी, डॉ लालदेव प्रसाद यादव, उपेंद्र चंद्रवंशी, गणेश कुमार यादव, विमल राय, रोहित कुमार यादव सहित अन्य नेतागण शामिल थे।

## कार्य के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक : आशीष रंजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पंजाब एण्ड सिंध बैंक, आंचलिक कार्यालय पटना द्वारा 'पीएसबी आओ खेलें 2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन जगजीवन स्टेडियम, दानापुर (पटना) में किया गया। इस उत्साहपूर्ण आयोजन में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना, टीम भावना को सुदृढ़ करना तथा कार्य के साथ-साथ जीवन में संतुलन बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करना था। आयोजन के दौरान क्रिकेट, दौड़ तथा अन्य खेल प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक आशीष रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि कार्य के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है।

## छठ गीतों के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार सरकार द्वारा गांधी मैदान में आयोजित बिहार दिवस समारोह के तहत पटना नगर निगम के सांस्कृतिक मंच पर छठ गीतों के माध्यम से स्वच्छ बिहार, स्वच्छ पटना का संदेश दिया गया। दूसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन पटना की महापौर सीता साहू द्वारा किया गया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पटना शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए सभी अपनी-अपनी ओर से प्रयास करें। पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने लोक आस्था के महापर्व छठ की शुभकामना देते हुए पारंपरिक छठ गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव झांके झुंके, कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए, पटना के घाट पर हमहूं अरगिया देवई हे छठी मैया, काठ ही आठ के केवड़िया हो दीनानाथ इत्यादि छठ गीतों को गाकर माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय कर दिया। उन्होंने कहा कि महापर्व छठ आस्था और विश्वास का महापर्व तो है ही, स्वच्छता का भी महापर्व है। स्वच्छता के जिस तरह के उच्च मानक इस महापर्व के दौरान अपनाए जाते हैं, उसे हमें सालों भर अपनाना है और पूरे पटना को चकाचक बनाए रखना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने मां दुर्गा के स्तोत्र, देवी पचरा, झुलेली झूलनवां मैया, घर घर अलख जगायेंगे स्वच्छ पटना बनेगा जैसे गीतों की प्रस्तुति की। नीतू नवगीत के अलावा राकेश कुमार (लोकगायक एवं सूफी गायक), लाडली पांडेय (लोकगायिका), पंकज देव और चंद्र भूषण ने पारंपरिक लोकगीत गाए। उनके साथ वादक कलाकारों में कैसियो पर संजय मिश्रा, पैड पर प्रिंस, ढोलक पर धनंजय कुमार और बैंजो पर अशोक कुमार ने शानदार तरीके से संगत किया।

## निरंतर 42वां सीता-राम स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं सर्वत्र संस्कृतम के तत्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत सीता-राम स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह सम्पन्न हुआ। संस्कृतमय वातावरण में आयोजित यह शिविर निरन्तर 42वां संस्कृत भाषा में समापन समारोह है। इस शिविर में प्रतिभागियों को सरल और व्यवहारिक पद्धति से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण दिया गया। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं लोक सेवा न्यायाधिकरण, उत्तर प्रदेश के सदस्य (प्रशासनिक) डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रामचरितमानस राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित होना चाहिए जिसमें सीता -राम के चरित्र की व्यापक चर्चा आदर्श स्वरूप में है जिसका आधार वाल्मीकि रामायण है। पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन उत्तर प्रदेश के धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी मुख्यातिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सीता-राम के चरित्र को समझे बिना भारत की कल्पना नहीं हो सकती है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि विश्व में शांति स्थापित करने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान आवश्यक है।

## जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व जल दिवस तथा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम के अवसर पर राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना की अध्यक्षता में जल संरक्षण एवं जल संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पटना साइंस कॉलेज, पटना तथा टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विश्व जल दिवस की थीम पर विशेष रूप से चर्चा की गई तथा बताया गया कि जीवन के लिए जल कितना आवश्यक है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास कितने जरूरी हैं। विद्यार्थियों ने भी जल संरक्षण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत किए और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. भावुक शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, विशिष्ट अतिथि ने एक व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने विश्व स्तर पर जल की स्थिति, भूजल स्तर में गिरावट, जल संकट की बढ़ती चुनौतियों तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जल-संरक्षण एवं इसके प्रबंधन में महिलाओं के विशेष योगदान की बात की। उन्होंने छात्रों को दैनिक जीवन में जल बचाने के उपाय अपनाने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि जल की सुलभ उपलब्धता महिलाओं के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने अपनी कविता 'नारी और वारी' के माध्यम से जल-प्रबंधन एवं इसके संरक्षण में महिलाओं के विशेष योगदान एवं उनके सकारात्मक सहयोग को बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों, विशेषकर छात्रों ने जल संरक्षण के प्रचार-प्रसार एवं उसके जिम्मेदार उपयोग के लिए संकल्प लिया तथा सामूहिक रूप से जल शपथ भी ली। इसके अतिरिक्त स्वच्छता कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में लीवर जांच शिविर, लोगों की हुई फाइब्रोस्कैन जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, पटना के तत्वावधान में विशेष लीवर जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित बंका के सौजन्य से 75 से अधिक लोगों के लीवर की अत्याधुनिक फाइब्रोस्कैन मशीन से जांच की गई। जांच के दौरान लगभग 20 मरीजों में लीवर संबंधी बीमारियों के संकेत पाए गए जिन्हें आगे की जांच एवं समुचित उपचार हेतु चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। डॉ. अमित बंका ने बताया कि वर्तमान जीवनशैली, अनियमित खान-पान, तैलीय भोजन, मोटापा एवं मधुमेह के कारण लीवर रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और सही उपचार से इन बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने फाइब्रोस्कैन टेस्ट की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक आधुनिक, सुरक्षित एवं दर्दरहित जांच प्रक्रिया है जिसके माध्यम से लीवर की कठोरता एवं फैटी लीवर की स्थिति का सटीक आकलन किया जाता है। यह जांच कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है और मरीज को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती। इसके साथ ही आज सोसाइटी में मरीजों की खून एवं अन्य जांच के लिए सलोनी द्वारा ब्लड सैम्पल लिया गया।

## बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉन्क्लेव का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग द्वारा ज्ञान भवन, पटना में आयोजित तीन दिवसीय (21-23 मार्च, 2026) बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉन्क्लेव के समापन के अवसर पर प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार में नर्सरी से संबंधित राष्ट्रीय स्तर का यह पहला आयोजन था। उन्होंने बागवानी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राकृतिक पेड़ पौधे एवं पशु पक्षियों के बीच रहने से तनाव कम रहता है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इस आयोजन से राज्य में नर्सरी के समग्र विकास के साथ देश स्तर पर नर्सरी व्यवसाय को स्थापित करने, किसानों की समृद्धि एवं प्रदेश के विकास के लिए एक सुअवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि नर्सरी से जुड़े सभी हितधारकों, किसानों, शोधकर्त्ता, उद्यमी, नीति निर्माता, निर्यातक और आमजन ने हजारों की संख्या में भाग लेकर बिहार नर्सरी एवं ग्रीन-टेक कॉन्क्लेव को एक स्मरणीय और सफल उत्सव बना दिया। यह आयोजन 'परम्परा से प्रगति' के अपने उद्देश्य को मूर्त्त रूप देने में सफल रहा। मुझे अपार खुशी है कि इस कॉन्क्लेव में राज्य के 50 हजार से अधिक नर्सरी से जुड़े किसान/आगन्तुक आये। दर्शकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे एवं नर्सरी से जुड़े सामग्रियों की लगभग 45 लाख रूपये से अधिक की खरीदारी की। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चले उद्यान की पाठशाला के तहत तकनीकी सत्र, चाणक्य हॉर्टी-पिच के माध्यम से स्टार्टअप को समर्थन, बिहार के युवाओं और महिलाओं में उद्यम की ऊर्जा का संचार हुआ। इन सत्रों में एपेडा, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के प्रतिनिधियों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर किसानों को व्यावहारिक समाधान और नर्सरी से जुड़े नवाचारों से अवगत कराया।

## अल्केम लैबोरेटरीज ने भारत में सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन किया लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अल्केम लैबोरेटरीज लिमिटेड ने भारत में सेमाग्लूटाइड इंजेक्शन लांच किया है जो 'सेमासाइज', 'ओबेसेमा' और 'हेपाग्लाइड' ब्रांड नामों में उपलब्ध है। यह दवा सप्ताह में एक बार सबक्यूटेनियस इंजेक्शन के रूप में दी जाती है। कंपनी ने सेमाग्लूटाइड का प्री-फिल्ड डिस्पोजेबल इंजेक्शन पेन 1,800 रुपये प्रति माह की शुरुआती कीमत पर लांच किया है, यानी इसकी साप्ताहिक लागत लगभग 450 रुपये पड़ती है। किफायती कीमत के जरिए कंपनी का उद्देश्य इस थेरेपी तक अधिक लोगों की पहुंच आसान बनाना है। अल्केम को भारत में किए गए इसके फेज 3 क्लिनिकल ट्रायल्स की समीक्षा के बाद ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने इसे टाइप 2 डायबिटीज और दीर्घकालिक वजन प्रबंधन के लिए, डाइट और एक्सरसाइज के साथ सहायक उपचार के रूप में बाजार में लाने की मंजूरी मिली है। यह दवा प्रिस्क्रिप्शन पर आधारित है और इसे डॉक्टर की सलाह एवं निगरानी में ही लेना चाहिए।

## डॉ. आनंद रंजन झा की काव्य रचना 'बिहार गाथा' का लोकार्पण, युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जंदाहा / वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान संस्था के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा द्वारा रचित काव्य 'बिहार गाथाः गौरवमयी अतीत और आधुनिक उड़ान' का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों ने काव्य के भाव और संदेश की सराहना करते हुए इसे बिहार के गौरव और भविष्य की दिशा का सशक्त चित्रण बताया। लोकार्पण के पश्चात डॉ. झा ने अपनी रचना का पाठ किया जिसकी पंक्तियां-

'जहां शून्य की खोज हुई और खिला ज्ञान का फूल, चाणक्य की नीति जहां, कभी न पाई धूल।
वो पाटलिपुत्र का वैभव, वो नालंदा का मान, विश्व पटल पर अंकित है, मेरे बिहार की पहचान।' ने बिहार के गौरवशाली इतिहास को जीवंत कर दिया। वहीं आगे की पंक्तियां–

'आज समय की मांग है कौशल, डिजिटल युग की बारी, हर युवा के हाथ में अब, तकनीकी जिम्मेदारी।
इसी संकल्प को लेकर निकले डॉ. आनंद रंजन आज कैरियर मिशन से गढ़ रहे, आधुनिक बिहार का ताज ने युवाओं को तकनीकी और कौशल विकास की ओर प्रेरित किया।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 294 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 24 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




अरवल में विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्शन एजेंट से 20 लाख रुपये लूटे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के अल्पना मार्केट के पास बदमाशों ने एक मनी कलेक्शन एजेंट से करीब 20 लाख रुपये लूट लिए। प्राइवेट कंपनी में कैश कलेक्शन का काम करने वाले पंकज साईं मंदिर इलाके से पैसे लेकर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में जमा करने जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### हॉस्टल से नीट छात्रा का शव बरामद

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत खंजरपुर स्थित एक हॉस्टल में संदिग्ध हालत में शव मिला है। जिस हालत में लाश मिली है, उसमें अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि उसने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है? मृतक छात्रा मूल रूप से अररिया की रहने वाली थी। वह नए हॉस्टल में शिफ्ट हुई थी। हॉस्टर संचालक ने बताया कि बगल के कमरे में रहने वाली छात्राओं ने दरवाजा नहीं खुलने पर शोर मचाया, जिसके बाद उनको इस बारे में पता चला।

### बाइक-ट्रक की टक्कर में तीन युवकों की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी के समीप जोगबनी मोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया, जिसमें तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में सुपौल जिले के राघोपुर निवासी मो. अरबाज, राघोपुर समीर और गणपतगंज निवासी अशरफ शामिल है।

### पेपर लीक कांड का आरोपित गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पेपर लीक कांड के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के खास डब्लू मुखिया को आर्थिक अपराध इकाई ने पटना से गिरफ्तार कर लिया है। यह माफिया 2015-16 से ही संजीव मुखिया गिरोह से जुड़ा था। यह कुख्यात प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक करने में सहयोग करता था। आर्थिक अपराध इकाई ने बताया है कि बीपीएससी टीआरई-3 परीक्षा का प्रश्न पत्र संजीव मुखिया ने लीक कराया था। इसके बाद हजारीबाग के कोहिनूर होटल में अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र रटवाने की योजना बनाई गई थी।

### सचिवालय की सुरक्षा होगी हाइटेक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने सभी सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सचिवालय भवनों व परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना के तहत नियंत्रण कक्ष एवं निगरानी केंद्र के लिए अलग-अलग स्थान तय कर दिए हैं। गृह विभाग की पहल पर यह कार्य बेल्ट्रान के माध्यम से कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार विश्वेश्वरैया भवन, विकास भवन, पुराना सचिवालय और सिंचाई भवन में नियंत्रण कक्ष एवं निगरानी केंद्र बनाए जाने हैं।

# इंटर में बेटियों का दबदबा, 85.19% छात्र सफल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जारी हो गया है। 2026 के परीक्षाफल में छात्राओं ने बाजी मारी है। प्रदेश में कुल 85.19 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इसमें 86.23 प्रतिशत छात्राएं सफल हुई हैं जबकि 84.09 प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है। रिजल्ट जारी करते हुए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि तीनों संकाय में कुल 26 टॉपर्स हैं, जिनमें 19 लड़कियां और सात लड़के शामिल हैं। अगर टॉपर्स की बात की जाए तो यहां पर भी छात्राओं ने ही बाजी मारी है। साइंस में समस्तीपुर के आदित्य प्रकाश अमन (481 नंबर, 96.20 प्रतिशत) टॉपर बने हैं। वहीं आर्ट्स में गया की नीशु कुमारी (479 नंबर, 95.80 प्रतिशत) प्रथाम स्थान प्राप्त की हैं। वहीं कॉमर्स में पटना की अदिती कुमारी (480 नंबर, 96 प्रतिशत) टॉपर बनी हैं। अगर टॉपर्स की बात करें तो सीतामढ़ी की साक्षी कुमार और नवादा की सपना कुमारी ने 479 अंक के साथ दूसरे टॉपर पर अपना कब्जा जमाया। बेगूसराय की अनामिका कुमारी (478 अंक) तीसरे, दरभंगा के सत्यम कुमार (476 अंक) चौथे और मुजफ्फरपुर की पलक कुमारी (475) पांचवें स्थान पर रही। आर्टस के टॉपर लिस्ट में दूसरे स्थान पर तीन परीक्षार्थी रहे। सीतामढ़ी की सिद्धी शिखा, लखीसराय के चंद्रदीप कुमार और पूर्णिया के मो। लकी अंसारी 478 अंक लाकर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर पश्चिम चंपारण की नसरीन परवीन, नालंदा की साजिया अंसारी, दरभंगा की नीशू कुमारी और सहरसा के आदर्श रहे, जिन्हें 477 अंक प्राप्त हुए। चौथे टॉपर्स में सिवान की (शेष पृष्ठ 11 पर)

## इंटर परीक्षा में टॉप छात्रों की सूची

**साइंस टॉपर्स**

| रैंक | नाम | जिला | मार्क्स (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | आदित्य प्रकाश अमन | समस्तीपुर | 96.2 |
| 2 | साक्षी कुमारी | सीतामढ़ी | 95.8 |
| 2 | सपना कुमारी | नवादा | 95.8 |
| 3 | अनामिका कुमारी | बेगूसराय | 95.6 |
| 4 | सत्यम कुमार | दरभंगा | 95.2 |
| 5 | पलक कुमारी | मुजफ्फरपुर | 95 |

**आर्ट्स टॉपर्स**

| रैंक | नाम | जिला | मार्क्स (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | निशु कुमारी | गया | 95.8 |
| 2 | सिद्धि शिक्षा | सीतामढ़ी | 95.6 |
| 2 | चंद्रदीप कुमार | लखीसराय | 95.6 |
| 2 | मो लकी अंसारी | पूर्णिया | 95.6 |
| 3 | नसरीन प्रवीण | पश्चिम चंपारण | 95.4 |
| 3 | साजिया अंसारी | नालंदा | 95.4 |
| 3 | निशु कुमारी | दरभंगा | 95.4 |
| 3 | आदर्श | सहरसा | 95.4 |
| 4 | अमृता कुमारी | सीवान | 95.2 |
| 4 | स्वीटी कुमारी | दरभंगा | 95.2 |
| 5 | बीबी असराना | अररिया | 95 |
| 5 | रोशनी कुमारी | सारण | 95 |
| 5 | मनीष कुमार | दरभंगा | 95 |

**कॉमर्स टॉपर्स**

| रैंक | नाम | जिला | मार्क्स (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | अदिति कुमारी | पटना | 96.00 |
| 2 | माही कुमारी | पटना | 95.20 |
| 3 | निशिका श्री | पटना | 95.00 |
| 4 | मानवी कुमारी | वैशाली | 94.80 |
| 4 | श्रेया कुमारी | नवादा | 94.80 |
| 5 | वरीषा नौशाद | पटना | 94.40 |
| 5 | हर्षिका | पटना | 94.40 |

### मुख्यमंत्री ने जहानाबाद को 252 करोड़ व अरवल को दी 153 करोड़ की योजनाओं की सौगात

# देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा बिहार : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद/अरवल।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में जहानाबाद जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले के लिए 70 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन एवं 182 करोड़ रुपये की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास तथा अरवल में 90 करोड़ की लागत से 250 योजनाओं का उद्घाटन तथा 63 करोड़ की लागत से 22 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य लगातार विकास कर रहा है। इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले 5 वर्षों में और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। केन्द्र का भी पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। बिहार और विकसित होगा, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जायेगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहानाबाद जिले में विकास के कई कार्य कराये गये हैं। हमलोग 20 साल से लगातार बिहार के विकास में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले की सरकार ने कुछ नहीं किया। आपको याद होगा कि जहानाबाद का पहले क्या हाल था। पटना से जहानाबाद आने का रास्ता बहुत खराब था तथा आवागमन में बहुत समय लगता था। जिले के अंदर वाले क्षेत्रों तथा आस-पास के जिलों में आना-जाना बहुत कठिन था। पूरे जिले में बिजली का हाल बहुत बुरा था। हमारी सरकार ने 2005 से ही जहानाबाद जिले में विकास के सभी काम कराये हैं। पटना-जहानाबाद-गया पथ का 4 लेन चौड़ीकरण कराया गया है। जहानाबाद-राजगीर पथ का निर्माण कराया गया है। 3 बड़े पथों का चौड़ीकरण एवं निर्माण कराया गया है। इंजीनियरिंग कालेज एवं पलिटेक्निक संस्थान की स्थापना की गयी है। महिला आईटीआई एवं सभी अनुमंडलों में आईटीआई की स्थापना की गयी है। जीएनएम संस्थान एवं पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना की गयी है। कर्पूरी छात्रावास एवं 2 आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। जहानाबाद के बराबर पहाड़ियों में पर्यटकीय सुविधाओं का विकास कराया गया है। वर्ष 2024 के दिसम्बर एवं 2025 के जनवरी-फरवरी माह में मैंने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा और जो कमी रही उसे पूरा करने के लिए योजनाओं की स्वीकृति दी। जहानाबाद जिले की भी 6 योजनाओं की स्वीकृति दी गयी, जिन पर काम चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूरा किया जायेगा। जहानाबाद में मेडिकल कालेज एवं अस्पताल का निर्माण कराया जा रहा है। जहानाबाद के राजा बाजार में आरओबी का निर्माण किया जा रहा है। जहानाबाद शहर में सड़क का निर्माण किया जा रहा है। बराबर गुफाओं एवं आस-पास के क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। चार नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। सात निश्चय-3 के तहत अगले 5 वर्षों 2025 से (शेष पृष्ठ 11 पर)



# सूबे के हर गांव में होगा डेयरी को-ऑपरेटिव सोसाइटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में डेयरी क्षेत्र को सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत राज्य के हर गांव में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी का गठन किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य डेयरी के जरिए गांवों को दूध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देना है। डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी में ग्रामीण महिलाओं को जोड़ने को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा मिल सके। राज्य के करीब 45 हजार राजस्व गांवों में ऐसी समितियों के गठन की तैयारी तेज हो गई है। सहकारिता विभाग, कम्फेड के सहयोग से यह काम कर रहा है। अब तक 15 हजार गांवों में समितियां बन चुकी हैं जबकि शेष 30 हजार गांवों में भी जल्द गठन पूरा किया जाएगा। राजस्व गांवों के साथ-साथ दलित, महादलित और आदिवासी टोलों को भी नजदीकी डेयरी सोसाइटी से जोड़ा जाएगा। इन क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा दिया जाएगा। हर गांव में दुग्ध संग्रह केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसमें पैक्स और एफपीओ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। डेयरी कारोबार को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन को प्रोत्साहित किया जाएगा। सहकारिता विभाग ने बिहार स्टेट को-आपरेटिव बैंक के माध्यम से वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों को डेयरी से होने वाली आय सीधे इसी बैंक के खातों में जमा होगी। साथ ही, बैंक और कम्फेड के बीच एमओयू भी हुआ है, जिसके तहत अब कम्फेड की राशि इसी बैंक में जमा होगी।

### हाई कोर्ट में प्रवेश के लिए वकीलों को दिखाना होगा पास

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना हाई कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से कड़ा करते हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं। पहली बार ऐसा होगा जब अधिवक्ताओं को भी न्यायिक परिसर में प्रवेश के लिए अनिवार्य रूप से अपना पास दिखाना होगा। बिना वैध पहचान पत्र या पास के किसी भी वकील को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। हाई कोर्ट प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि अधिवक्ताओं की गाड़ियों के लिए भी अब स्टिकर पास अनिवार्य होगा। बिना स्टिकर लगी किसी भी दोपहिया या चारपहिया वाहन को न तो परिसर में प्रवेश मिलेगा और न ही पार्किंग की अनुमति दी जाएगी।

# बिहार के सभी जिलों में बिछेगा सीसीटीवी कैमरों का जाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की सड़कों पर अब नियम तोड़ना या क्राइम करके बच निकलना नामुमकिन होने वाला है। बिहार सरकार ने कानून-व्यवस्था को और भी ज्यादा सख्त और लेटेस्ट बनाने के लिए पूरे प्रदेश में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाने का फैसला किया है। इस योजना के तहत न केवल राजधानी पटना बल्कि बिहार के सभी 38 जिलों को तकनीक से लैस किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय के एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बिहारशरीफ में इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर ठीक से काम कर रहा है। यहां कैमरों की मदद से न सिर्फ ट्रैफिक कंट्रोल किया जा रहा है बल्कि नियम तोड़ने वालों का ऑनलाइन चालान भी काटा जा रहा है। अब इसी स्मार्ट मॉडल को राज्य के सभी नौडिविजनल हेडक्वार्टर में लागू किया जाएगा। यहां बड़े कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। योजना का सेकंड फ़ेज उन 27 जिलों के लिए है जो अभी इस तकनीक से पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। इन जिलों के प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील इलाकों की पहचान के लिए सर्वे का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। पटना में भी सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए 20 से 22 नई जगहों को चुना गया है जहां लेटेस्ट कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे। इस कदम का सबसे बड़ा फायदा दो मोर्चों पर मिलेगा। पहला, सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी क्योंकि लोग कैमरों के डर से ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे। दूसरा, आपराधिक वारदातों को सुलझाने में पुलिस को ठोस वीडियो साक्ष्य मिलेंगे। इससे जांच प्रक्रिया तेज होगी।

### बिहार में अब आम लोग भी बन सकेंगे पैक्स सदस्य

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में पैक्स चुनाव को लेकर बड़ा बदलाव किया गया है। सहकारिता विभाग ने नया आदेश जारी करते हुए सदस्य बनाने की प्रक्रिया को पूरी तरह बदल दिया है। अब तक जहां पैक्स के अध्यक्ष या उम्मीदवारों के पास ही वोटर यानी सदस्य बनाने की जिम्मेदारी होती थी, वहीं अब कोई भी आम व्यक्ति खुद आवेदन करके पैक्स का सदस्य बन सकता है। इस नए नियम का मुख्य उद्देश्य पैक्स चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाना है। पहले यह आरोप लगता था कि अध्यक्ष या उम्मीदवार अपने फायदे के लिए मनमाने तरीके से वोटर बनाते थे। इससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठते थे लेकिन अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद इस तरह की गड़बड़ी की संभावना काफी कम हो जाएगी। नए नियम के अनुसार अब बिहार में पैक्स सदस्यों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रहेगी। पहले सदस्य बनने की प्रक्रिया सीमित और नियंत्रित थी, लेकिन अब जो भी व्यक्ति तय मानकों को पूरा करेगा, वह पैक्स का सदस्य बन सकता है। यानी अब जितने चाहें उतने सदस्य बनाए जा सकते हैं, बशर्ते वे पात्रता की शर्तों को पूरा करते हों।






# तेजी से धरातल पर उतर रही विकास योजनाएं : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार जल्द ही देश के विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में विकास योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही हैं। स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित समृद्धि यात्रा के तहत जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा था, जिसे राज्य सरकार ने आगे बढ़ाते हुए घर-घर तक बिजली उपलब्ध कराई। आज लोगों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल रही है, जिससे आम जनता को काफी राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। घरों में सोलर लाइट लगाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले बिहार में केवल 17 लाख बिजली उपभोक्ता थे, जो अब बढ़कर दो करोड़ 16 लाख से अधिक हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार ने पहली बार बिहार की कमान संभाली थी तब राज्य पिछड़ेपन से जूझ रहा था लेकिन उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों के कारण अब बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री न्याय यात्रा, विश्वास यात्रा, प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा के माध्यम से लगातार जनता के बीच जाकर विकास कार्यों का जायजा लेते रहे हैं। जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और उनके विभाग द्वारा भी जहानाबाद जिले में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है, जो अपने आप में एक उदाहरण है। प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सरकार ने बदहाल व्यवस्था को खुशहाली में बदलने का काम किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार सृजन के तहत पहले एक करोड़ 81 लाख महिलाओं के खातों में 10 हजार रुपये भेजे गए हैं और अब 18 लाख महिलाओं को भी इसका लाभ देने की तैयारी है।

# पर्व-त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने चिरागा मेला, रामनवमी, चैती छठ पूजा एवं महावीर जयंती जैसे प्रमुख पर्वों को लेकर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी को हर हाल में दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने तैनाती स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें,




अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में 'सात निश्चय-3' के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' योजना पर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारी आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही आगंतुकों के लिए पेयजल, बैठने और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के लिए कृषि एवं राजस्व विभाग को आपसी समन्वय के साथ कैंप लगाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निष्पादन तथा भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने तकनीकी विभागों को सड़क, भवन और पुल-पुलिया निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं आवश्यक एनओसी लेने के निर्देश दिए। लघु सिंचाई विभाग को पइन-आहर को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा पीएचईडी विभाग को गर्मी को देखते हुए नल-जल योजनाओं की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु क्यूआरटी एवं मोबाइल वाहन तैनात करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राशन कार्ड निर्माण, खाद्यान्न वितरण, मद्यनिषेध, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बिजली से संबंधित समस्याओं के शीघ्र निष्पादन पर भी जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन एवं एक्स-रे जैसी सेवाओं को हर हाल में क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# खरना के साथ छठ व्रत का कठोर अनुष्ठान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। लोक आस्था और शुद्धता का प्रतीक चैती छठ महापर्व हिलसा क्षेत्र में पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार को व्रतियों ने दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद संध्या में दूध और अरवा चावल से बने खीर सहित अन्य पूजन सामग्री भगवान भास्कर को अर्पित कर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो गया। खरना के अवसर पर व्रतियों के घरों में देर रात तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया। मंगलवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही यह महापर्व संपन्न होगा। पर्व को लेकर छठ घाटों और तालाबों की




साफ-सफाई पूरी कर ली गई है। हिलसा शहर के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर छठ घाट पर नगर प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। रंग-बिरंगी रोशनी से सजे घाट का दृश्य अत्यंत आकर्षक बन गया है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वहीं, सूर्य मंदिर परिसर में दूर-दराज से आए श्रद्धालु नेम-निष्ठा के साथ व्रत कर रहे हैं। छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन एवं सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बाजारों में भी छठ को लेकर भारी भीड़ देखी गई। फल, गन्ना, पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर खरीदारी होती रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नगर परिषद हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने बताया कि सूर्य मंदिर छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# व्रतियों ने किया खरना, पहला अर्घ्य आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। मुख्यालय समेत प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती महाछठ को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को नहाय-खाय के साथ पर्व की शुरुआत हुई, वहीं दूसरे दिन सोमवार को लोहंडा (खरना) के अवसर पर छठव्रती पूरे विधि-विधान से प्रसाद तैयार करते नजर आए। घरों और घाटों पर साफ-सफाई के बीच गुड़-चावल की खीर और रोटी बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित करने की तैयारी की गई। इस दौरान छठव्रती महिलाएं पारंपरिक छठ गीत गाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रही हैं। "केलवा जो फरलय घवद से..." जैसे लोकगीतों की मधुर ध्वनि से पूरा इलाका गूंज उठा। श्रद्धालु व्रत के नियमों का पालन करते हुए 36 घंटे के निर्जला उपवास की तैयारी में जुटे हैं। छठ व्रती मंगलवार को डूबते सूर्य, तो बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत की समाप्ति करेंगी। वहीं नगर पंचायत प्रशासन भी घाटों की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क नजर आ रहा है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कर सकें। इस बार छठ व्रतियों के लिए रजौली नगर पंचायत द्वारा नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर एवं पुरानी बस स्टैंड समेत कुल 8 छठ घाटों का निर्माण किया गया है। साथ ही छठ व्रतियों को कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम एवं पर्याप्त मात्रा में लाइट की व्यवस्था की गई है। वहीं बाजार क्षेत्र



को भी समाजसेवियों ने रंग-बिरंगे लाइट से पाट दिया है। छठ घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।

# विद्यालय से पंखा, कम्प्यूटर सेट समेत अन्य सामाग्री की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के उत्क्रमित विद्यालय पाली से अज्ञात चोरों ने विद्यालय के दो कमरे से पंखा, कम्प्यूटर सेट समेत अन्य आवश्यक सामग्रियों की चोरी कर लिया। इस सम्बंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से उचित कार्रवाई करते हुए सामान बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना में दिए आवेदन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा है कि 23 मार्च को विद्यालय खुलने के बाद विद्यालय के सफाई कर्मी एवं वरीय शिक्षक अनीता राय द्वारा बताया गया कि विद्यालय के कार्यालय समेत दो कमरे का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद 112 पुलिस की मौजूदगी में विद्यालय के कमरे का अवलोकन करने के बाद दोनों कमरों से आठ पंखा, एक प्रोजेक्टर, एक सीपीयू, एक यूपीएस, एक माउस, एक कीबोर्ड, दो रिमोट, तीन स्पीकर एवं तार गायब पाया गया।

# गैस सिलेंडरों की हो रही है होम डिलीवरी, अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएसओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। इसी क्रम में 23 मार्च 2026 को गैस उठाव एवं वितरण व्यवस्था की स्थिति की जानकारी देने हेतु एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा राज कुमार सिन्हा ने बताया कि एचपीसीएल, बीपीसीएल एवं आईओसीएल के प्रबंधकों से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। सभी गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को डोर-स्टेप डिलीवरी के माध्यम से नियमित आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि आमजनों की सुविधा एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जहां कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06324-212122 निर्धारित किया गया है, जिस पर आम नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। अब तक नियंत्रण कक्ष में कुल 164 शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिनमें से 148 का निष्पादन कर दिया गया है तथा शेष शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पम्पों पर संभावित भीड़ एवं अव्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही जमाखोरी एवं कालाबाजारी की किसी भी आशंका को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली द्वारा प्रत्येक प्रखंड में धावा दल का गठन किया गया है। इस दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा संबंधित थाना के थानाध्यक्ष को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान मिलने पर किया सम्मानित



**पकरीबरावां (नवादा)**। पकरीबरावां प्रखण्ड की उत्तरी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सुदनपुर उर्दू के प्रधान शिक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को बिहार दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान दिए जाने पर बिहार राज्य प्राथमिक संघ की पकरीबरावां इकाई ने खुशी का इजहार किया है। सोमवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में एक समारोह आयोजित कर डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, सचिव चंदन कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार, उपाध्यक्ष कृष्ण पासवान, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार, रविरंजन कुमार, सुनील कुमार, संजीत कुमार, अखिलेश कुमार पांडेय, शशि शेखर कुमार, श्रीनिवास सिंह सहित अन्य ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।

### जिला चयन समिति की बैठक आयोजित



**नवादा**। मुख्यमंत्री श्रम शक्ति योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों को रोजगारोन्मुख कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला चयन समिति, नवादा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के कुल 59 अभ्यर्थियों को विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने पर विचार-विमर्श किया गया तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, परियोजना प्रबंधक, प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी जीएस टेक्नो इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे।

### बिहार सेकंड टॉपर छात्रा को बीइओ ने किया सम्मानित

**कौआकोल**। इंटर विज्ञान संकाय की परीक्षा में पूरे बिहार में द्वितीय अंक प्राप्त कर परचम लहराने वाली प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नावाडीह की छात्रा सपना कुमारी को



बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सोमवार को परिणाम घोषित होने के बाद प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सह बीसीओ अजीत कुमार ने छात्रा के घर नावाडीह जाकर उन्हें मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दिया। तथा उपहार देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बीईओ अजित कुमार ने कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक सविता कुमारी सहित सभी विद्यालय के शिक्षक बधाई के पात्र है। जिनके मार्गदर्शन में सपना ने इस मुकाम को हासिल की है।

### प्रधानाध्यापक राजेश कुमार का रजौली पहुंचने पर अभिनंदन


**रजौली**। बिहार दिवस 2026 के शुभ अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित होकर लौटे उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड़




के प्रधानाध्यापक सह संगठन के राज्य परिषद सदस्य राजेश कुमार का रजौली में बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार एवं प्रखंड सचिव संतोष कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों ने उन्हें अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता और माला पहनाकर सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान वक्ताओं ने राजेश कुमार को एक समर्पित शिक्षक बताते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल तैयार किया है, जिससे पूरे रजौली प्रखंड का मान बढ़ा है। गौरव के इस क्षण पर प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, प्रखंड सचिव संतोष कुमार, बीरेंद्र पासवान, उपेंद्र कुमार, मो. इन्तेखाव अली, जिला कोषाध्यक्ष मो. मिन्हाज अंसारी, जिला संयुक्त सचिव वीरेंद्र वीर, अनुज कुमार तथा प्राचार्य ओमप्रकाश लाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### श्रेया बनी कॉमर्स की फोर्थ स्टेट टॉपर

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय निवासी धर्मेन्द्र कुमार एवं ममता देवी की पुत्री श्रेया कुमारी ने इंटरमीडिएट कॉमर्स की परीक्षा में बिहार स्टेट टॉपर में चतुर्थ स्थान प्राप्त की है। वह पकरीबरावां- रेवार संपर्क पथ पर स्थित इंटर विद्यालय पकरीबरावां की छात्रा है। उसके पिता



सरसों तेल की पेराई के लिए मील चलाते हैं। मां गृहिणी है। श्रेया के माता-पिता भले ही मैट्रिक हैं, पर उन्होंने अपने बच्चों को मेहनत से पढ़ने की नसीहत दी। परिणाम यह हुआ कि श्रेया आज स्टेट में चतुर्थ स्थान प्राप्त की है। वह सीए बनना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार वालों, गुरुजनों एवं अपने आस- पास के लोगों को दी है।

# चयनित किसानों को प्रशिक्षण हेतु पश्चिम बंगाल के लिए किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। जिले के कुल 40 चयनित किसानों को "किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में तात्कालिक उन्नति" विषय पर प्रशिक्षण हेतु पश्चिम बंगाल के कूच बिहार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के लिए रवाना किया गया। इस परिभ्रमण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, उन्नत बीज, जैविक खेती, एकीकृत कृषि प्रणाली एवं बाजार उन्मुख कृषि के बारे में व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ लागत कम करने एवं आय के नए स्रोत विकसित करने के उपायों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रतिभागी किसानों




को वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा प्रक्षेत्र भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही उन्हें सफल कृषकों के मॉडल फार्म का अवलोकन भी कराया जाएगा, जिससे वे नवीन तकनीकों को अपने क्षेत्र में अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार के राज्य के बाहर परिभ्रमण कार्यक्रम से किसानों को अन्य राज्यों में अपनाई जा रही उन्नत एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों को समझने का अवसर मिलता है। इससे किसानों का दृष्टिकोण व्यापक होता है और वे अपने क्षेत्र में नवाचार अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि चयनित किसानों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया है, जिसमें प्रगतिशील एवं इच्छुक किसानों को प्राथमिकता दी गई है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसानों के आवासन, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं आत्मा योजना के अंतर्गत सुनिश्चित की गई हैं।

# लोकसभा में नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने केंद्र सरकार से की माटी कला बोर्ड बनाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान बिहार में कुम्हार (प्रजापति) जाति को अनुसूचित जाति के श्रेणी में शामिल करने व माटी कला बोर्ड का गठन करने की माँग करते हुए कहा कि यह मांग वर्षों से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के पास लंबित है। 1950 के भारत सरकार के आदेश में लगे नोट में कुम्हार शिल्पकला की उपजाति में शामिल था। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन में कुम्हारों का कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं रहने के कारण कुम्हारों को बाहर रखा गया था, जिसका परिणाम है कि आज कुम्हारों की स्थिति बिहार राज्य में बद से बदतर है। बिहार सरकार को अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान द्वारा समाज का एथनोग्राफी बिहार सरकार को सौंपा जा चुका है। कुम्हार जाति आज भी गाँवों में 90 प्रतिशत अशिक्षित है। उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। इन्हीं सब कारणों से कुम्हार जाति को भी विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए समन्वय समिति वर्षों से माँग करती आ रही है कि इस जाति को अनुसूचित जाति के श्रेणी में शामिल करे, जिससे कि दलित, महादलित से भी बदतर जिन्दगी जीने के लिए मजबूर कुम्हार समाज भी आगे बढ़े। कुम्हारों की बड़ी समस्या है कि न मिट्टी उठाने की बंदोबस्ती हुई, न ही जलावन की सुविधा है और न बालू के उठाव की अनुमति मिला। जिसके कारण आज भी भुखमरी की स्थिति में कुम्हार समाज जीवनयापन करने के लिए मजबूर है।

# रामनवमी/चैती नवरात्र पूजा-को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 23 मार्च 2026 को रामनवमी/चैती नवरात्र पूजा-2026 के अवसर पर विधि-व्यवस्था के संधारण एवं पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमित अनुराग द्वारा हिसुआ एवं नगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित लोगों से अपील की गई कि रामनवमी/चैती नवरात्र का पर्व आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग एवं समयानुसार ही आयोजित किए जाएं।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु फील्ड प्रगणकों का प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार डीआरडीए सभागार, नवादा में जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) से संबंधित फील्ड प्रगणकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विधिवत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. तिवारी ने जनगणना कार्य की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना देश की विकासात्मक योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण तथा




नीतिगत निर्णयों का आधार होती है। उन्होंने सभी प्रगणकों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का समुचित उपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, जिसमें सूचनाओं की शुद्धता एवं विश्वसनीयता सर्वोपरि है। अतः प्रत्येक प्रगणक को फील्ड में कार्य करते समय सावधानीपूर्वक सभी विवरणों का संकलन करना चाहिए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करना चाहिए।

# जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को



जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 17 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

# रामनवमी को शांतिपूर्ण मनाने हेतु शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रजौली अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, पूजा समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की कि पर्व को आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने निर्देश दिया कि जुलूस एवं शोभायात्रा निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही निकाले जाएं तथा किसी भी स्थिति में प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन न किया जाए। साथ ही, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उपस्थित रजौली अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार द्वारा बताया गया कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# अंकित ने विज्ञान में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत के सोनार पट्टी रोड स्थित महेश प्रसाद वर्मा और प्रियंका कुमारी के बेटे अंकित वर्मा ने आयोजित इंटरमीडिएट की परीक्षा में विज्ञान संकाय में नवादा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता समेत आसपास के प्रियजनों और परिजनों में खुशी का माहौल है। अंकित ने अपनी पढ़ाई रजौली इंटर कॉलेज, रजौली से की है और उसने इंटरमीडिएट की परीक्षा में भौतिकी शास्त्र व रसायन शास्त्र में 99-99 अंक, जीवविज्ञान में 97, हिंदी में 96 व अंग्रेजी में 83 अंक प्राप्त किए हैं। इस प्रकार उसे 500 अंकों की परीक्षा में 474 अंक प्राप्त हुआ है। अंकित ने बताया कि वे आगे नीट की तैयारी करेंगे और एक सफल डॉक्टर बनेंगे।

# शहीद दिवस पर कैंडल मार्च, भगत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों की स्मृति में कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के तहत शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष एवं वरीय समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने 23 मार्च 1931 को लाहौर सेंट्रल जेल में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी गई फांसी को याद करते हुए उनके बलिदान को देश के इतिहास का अमर अध्याय बताया। मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि इन क्रांतिकारियों के बलिदान से पूरे देश में आक्रोश की लहर दौड़ गई थी और युवाओं में स्वतंत्रता संग्राम के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ था। उन्होंने कहा



कि आज भी भगत सिंह का त्याग और समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सुबोध लाल ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के जयकारे लगाकर माहौल को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। वहीं, वरीय समाजसेवी राधेश्याम चौधरी ने शहीद दिवस को हर वर्ष व्यापक स्तर पर मनाने की अपील की। हिंदू जागरण मंच के प्रांत संयोजक संतोष कुमार मोदी ने भगत सिंह को युगपुरुष बताते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया। जिला संयोजक अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इसी मिट्टी पर ऐसे महान क्रांतिकारी जन्मे, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस मौके पर संजीव सिन्हा, पंकज कुमार, अभिषेक सिन्हा, कुमार गौरव, महेंद्र कुमार, सौरव राज सहित अन्य लोगों ने कैंडल मार्च में भाग लेकर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।

# गया की बेटी ने रचा इतिहास, निशु कुमारी बनी बिहार टॉपर

## हर विषय में 100 में 100 अंक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** जिले के खिजरसराय प्रखंड के यशवंत इंटर स्कूल की छात्रा निशु कुमारी ने इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में ऐसा प्रदर्शन किया है जिसने पूरे बिहार का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। निशु ने आर्ट्स संकाय में बिहार टॉप किया है। खास बात यह है कि उसने सभी विषयों में 100-100 अंक हासिल कर रिकॉर्ड कायम किया है। उसकी इस सफलता ने न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे इलाके को गर्व का मौका दिया है। निशु कुमारी गया जिले के खिजरसराय प्रखंड के लोदीपुर गांव की रहने वाली है। वह शुरू से ही अपने स्कूल की रेग्युलर और मेधावी छात्रा रही है। निशु कुमारी ने बताया कि मैट्रिक में 465 अंक आए थे और थोड़े अंतर से टॉप नहीं कर पाई थी। उसी दिन उसने ठान लिया था कि इंटरमीडिएट में उसे हर हाल में टॉप करना है। उसने अपने लक्ष्य को पाने के लिए पूरी ईमानदारी से मेहनत की। वह रोज करीब 8 घंटे पढ़ाई करती थी। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'टारगेट बोर्ड' के लेक्चर सुनती थी और नियमित रूप से रिवीजन व प्रैक्टिस करती थी। आर्थिक रूप से सामान्य परिवार से आने वाली निशु के पिता किसान हैं। उसने बताया कि पढ़ाई के दौरान कई तरह की चुनौतियां सामने आईं। इंटर परीक्षा शुरू होने से 20 दिन पहले उसके नाना का निधन हो गया था। उस दिन वह नानी के घर गई, लेकिन उसी दिन वापस लौट आई। मां ने रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने अपने लक्ष्य को प्राथमिकता दी। निशु कहती है कि अगर सपना बड़ा हो तो हालात से लड़ना ही पड़ता है। निशु ने यह भी बताया कि परीक्षा देने के बाद ही उसे अपने प्रदर्शन पर भरोसा हो गया था। उसने अपने शिक्षकों से कहा था कि उसे इंटरव्यू के लिए जरूर बुलाया जाएगा। 19 मार्च को उसे पटना इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। वहां से लौटने के बाद वह पूरी तरह आश्वस्त थी कि वह टॉप करेगी। रिजल्ट आने के बाद उसकी बात सच साबित हो गई। स्कूल की प्रिंसिपल लता सिन्हा ने कहा कि निशु बेहद अनुशासित छात्रा रही है। वह नियमित रूप से क्लास करती थी और पढ़ाई को लेकर हमेशा गंभीर रहती थी। उसका कॉन्फिडेंस देखकर स्कूल का भी मनोबल बढ़ता था। निशु की इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। एक किसान की बेटी ने अपने दम पर इतिहास रच दिया है जो आने वाले समय में हजारों छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# डॉ केशव बलीराम हेडगेवार की आदमकद मूर्ति पर विधानसभा अध्यक्ष ने की पुष्पांजलि अर्पित

### देश का भविष्य युवाओं की सोच, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता पर निर्भर : डा. प्रेम कुमार





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने नागपुर स्थित संघ मुख्यालय डॉ हेडगवार भवन में परम पूज्य डॉ केशव बलीराम हेडगेवार जी के आदमकद मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही उनके स्मृतियों को याद करते हुए नमन किया। साथ ही नागपुर में आयोजित इंडियन यूथ पार्लियामेंट राष्ट्रीय सत्र के 29वें राष्ट्रीय सत्र के समापन कार्यक्रम को संबोधित किया। यह चार दिवसीय आयोजन 20 से 23 मार्च 2026 तक महर्षि व्यास सभागार, नागपुर (महाराष्ट्र) में आयोजित हुआ जिसमें देशभर से आए 1000 से अधिक युवाओं ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने 'विकसित भारत' की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि देश का भविष्य युवाओं की सोच, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता पर निर्भर करता है। उन्होंने युवाओं को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष ने अपने सार्वजनिक जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक युवा कार्यकर्ता से लेकर नौ बार विधायक बनने और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष के पद तक का उनका सफर संघर्ष, समर्पण और जनसेवा का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों को समझें और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बिहार दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। उन्होंने नितिन नवीन का उल्लेख करते हुए इसे युवाओं के प्रति विश्वास का प्रतीक बताया। साथ ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को युवा सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण बताया।

# नाली पर प्लेट रखने के विवाद में युवक की मौत, गांव में तनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के गौहरपुर गांव में सोमवार की शाम नाली पर प्लेट रखने को लेकर हुए विवाद में युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौहरपुर गांव स्थित देवी मंदिर का ग्रामीणों द्वारा हाल ही में जीर्णोद्धार कराया गया था। कुछ दिनों बाद देवी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसी तैयारी के तहत ग्रामीण देवी स्थान के सामने नाली पर प्लेट रखवा रहे थे। इसी दौरान गांव के इंद्र मोहन गिरी, नीलम देवी एवं उनके पुत्र लालू गिरी ने देवी स्थान के सामने नाली पर प्लेट रखने का विरोध किया। सोमवार को इसी बात को लेकर धर्मेंद्र गिरी और इंद्र मोहन गिरी पक्ष के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़कर मारपीट में बदल गया। मारपीट के दौरान धर्मेंद्र गिरी (40 वर्ष) के सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन एवं ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव लेकर थाना पहुंच गए। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि नाली पर प्लेट रखने को लेकर विवाद हुआ था।

# अमर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** देश की आजादी के लिए अपने बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस के अवसर पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिजरसराय के निकट स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपस्थित वक्ताओं ने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए युवाओं से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. कृष्णनंदन यादव ने कहा कि इन वीरों की शहादत ही थी जिसने देश की सोई हुई चेतना को जगाया।



पटना (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज देर शाम विधान पार्षद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख के आवास पर चैती छठ के खरना का प्रसाद ग्रहण किया।

# दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, गांव में पसरा मातम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** गया-टिकारी मुख्य सड़क मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना चंदौती थाना क्षेत्र के केवाली गांव स्थित बीपी आजाद बीएड कॉलेज के पास हुई जहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान चंदौती थाना के धर्मपुर गांव निवासी जितेंद्र चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र अक्षय कुमार उर्फ कारू और बेलमा गांव निवासी भोली साव के 25 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक शादी शुदा थे और अपने-अपने परिवार के कमाऊ सदस्य थे। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर चंदौती थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराने में जुट गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार वाहन जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** गया जिले के बहेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्थायी जांच चौकी धीरजापुल पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार से अवैध विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार वाहन से कुल 180 लीटर अवैध विदेशी शराब, जो 348 बोतलें बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हैप्पी कुमार उम्र करीब 30 वर्ष, पिता बबलू सिंह, निवासी बैरही, थाना धनरूआ, जिला-पटना तथा पिंटू कुमार उम्र करीब 18 वर्ष, पिता योगेंद्र यादव, निवासी काशी नगर, थाना धनरूआ, जिला-पटना के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में छापेमारी दल का नेतृत्व अवर निरीक्षक रविशंकर कुमार ने किया। साथ में गृह रक्षक जवान भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मामले में अनुसंधान जारी है और जांच के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा।

# बिहार दिवस पवेलियन में उमड़ी भीड़, पारंपरिक कला और 'मेड इन बिहार' उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग, बिहार द्वारा 22 मार्च से 24 मार्च 2026 तक आयोजित भव्य पवेलियन में आज दूसरे दिन भी आगंतुकों की भारी भीड़ देखने को मिली। यह विशेष प्रदर्शनी राज्य की समृद्ध पारंपरिक कला, शिल्प, उद्यमिता तथा औद्योगिक विकास को एक मंच पर प्रस्तुत कर रही है। पवेलियन में बिहार की प्रसिद्ध पारंपरिक कलाओं - अप्लिक, कशीदा, मधुबनी पेंटिंग, सेरामिक कला, गुड़िया कला, जूट क्राफ्ट एवं सिक्की कला - की आकर्षक झलक देखने को मिल रही है। इन शिल्पकृतियों ने न केवल आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि स्थानीय कारीगरों की सृजनात्मकता और कौशल की भी सराहना की जा रही है। इसके साथ ही, खादी एवं हैंडलूम उत्पाद, मेड इन बिहार बैग तथा स्टार्टअप्स के नवाचार उत्पाद भी लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आगंतुक इन उत्पादों में गहरी रुचि दिखा रहे हैं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पवेलियन में उद्योग विभाग की प्रमुख योजनाओं - जैसे बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की जानकारी भी प्रदर्शित की गई है जिससे उद्यमियों और निवेशकों को राज्य में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी मिल रही है। यह आयोजन न केवल बिहार की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर बिहार के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में भी एक सशक्त कदम साबित हो रहा है।

# शहीद दिवस पर वीर क्रांतिकारियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहीद दिवस के अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा (प्रदेश कार्य समिति सदस्य), राजेन्द्र प्रसाद (अधिवक्ता) एवं संतोष ठाकुर ने भारत मां के वीर सपूत महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत को स्वतंत्रता दिलाने की लड़ाई में जो अमूल्य योगदान दिया वह सदैव अमर रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन महान बलिदानों को याद करने का दिन है जिनकी बदौलत हम आज स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे वीरों ने अपने युवा जीवन को राष्ट्र के नाम समर्पित कर दिया और देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। उनका यह बलिदान हमें यह सिखाता है कि देश के प्रति सच्चा प्रेम और समर्पण ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने आगे कहा कि इन महान क्रांतिकारियों का जीवन हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने न केवल अंग्रेजी हुकूमत का विरोध किया, बल्कि युवाओं के भीतर एक नई चेतना और जागरूकता भी पैदा की। उनका सपना एक ऐसे भारत का था जहां समानता, न्याय और भाईचारे की भावना हो और हर नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो। अंत में उन्होंने देश के युवाओं से आह्वान किया कि वे इन महान शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# नीरा से बढ़ेगा रोजगार, 'मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना' के तहत नई प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नीरा के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित 'मुख्यमंत्री नीरा संवर्धन योजना' को वर्ष 2025 से लागू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2026 के नीरा सीज़न (अप्रैल से जुलाई, 2026) में व्यापक रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। 'बिहार नीरा (ताड़ का खमीर मुक्त रस) नियमावली, 2017' के प्रावधानों के अनुसार ताड़ के पेड़ों से नीरा निकालने के लिए टैपर्स को लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसका नवीकरण प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अनिवार्य रूप से किया जाता है। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के स्तर से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका के साथ समन्वय स्थापित करते हुए वर्ष 2025-26 में लाइसेंस प्राप्त सभी टैपर्स के लाइसेंस का नवीकरण वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सुनिश्चित करें। साथ ही नए टैपर्स से प्राप्त आवेदनों की जांच कर उन्हें शीघ्र लाइसेंस भी निर्गत किया जाए। राज्य सरकार का उद्देश्य इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन करना व नीरा को एक स्वास्थ्यवर्धक पेय के रूप में व्यापक रूप से प्रोत्साहित करना है। नीरा ताड़ के पेड़ों से प्राप्त खमीर-मुक्त प्राकृतिक रस है। इसके निकालने का कार्य सिर्फ लाइसेंस प्राप्त टैपर्स ही कर सकते हैं। जीविका नीरा उत्पाद समूह के साथ पंजीकृत टैपर्स को मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की तरफ से विधिवत लाइसेंस प्रदान जारी किया जाता है जिसके आधार पर वे नीरा निकालते हैं।

# ब्यूटी कुमारी ने जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम किया रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेलागंज।** बिहार इंटरमीडिएट एग्जाम 2026 के रिजल्ट में बेलागंज गया जी के रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज की छात्रा ब्यूटी कुमारी पिता सकलदेव सिंह माता वीणा देवी की पुत्री ने जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपना विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने बधाई देते हुए कहा यह श्रृंखला अब लगातार जारी रहेगी। मैं अपने शिक्षकों के प्रयास से बेलागंज के रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय के श्रेणी में लाकर खड़ा करना मेरा उद्देश्य है। मैं और मेरे शिक्षक गण लगातार बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रयासरत रहते हैं। विद्यालय में पुस्तकालय प्रयोगशाला संगीत आईसीटी लैब की व्यवस्था उत्कृष्ट तरीके से उपलब्ध है

# खुशी कुमारी ने 85.6% अंक लाकर किया प्रखंड टॉप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम जारी होते ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उत्साह और हलचल का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट जानने के लिए साइबर कैफे पर उमड़ पड़े, वहीं शिक्षकों में भी अपने-अपने विद्यालय के परिणाम जानने की उत्सुकता बनी रही। इसी क्रम में प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्रा खुशी कुमारी ने 428 अंक (85.6 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। खुशी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे प्रखंड का नाम रोशन हुआ है। खुशी के पिता प्रवीण कुमार ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वे उसे आइएएस अधिकारी बनते देखना चाहते हैं।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष नाथुन पासवान की अध्यक्षता में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती समारोह श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर लोहिया फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. मुंद्रिका प्रसाद नायक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. लोहिया लोकतांत्रिक मूल्यों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने सादगीपूर्ण जीवन जीते हुए समाज में समानता, न्याय और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आजीवन संघर्ष किया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

Short e-Tender in two parts i.e. Technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-Tender fee , (non-refundable) including GST 18% (In RS) | E. M. Deposit (In RS) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 874/PR/JUSNL/ 2025-26 | Annual Maintenance of 132/33KV GSS Daltonganj for F.Y. 2026 -27. | 5,900.00 | 34,000.00 |
| 2 | 875/PR/JUSNL/ 2025-26 | Annual Maintenance of 132/33KV GSS Japla for for F.Y. 2026 -27. | 5,900.00 | 32,500.00 |
| 3 | 876/PR/JUSNL/ 2025-26 | Annual Maintenance of 132/33KV GSS Meralfor F.Y. 2026 -27. | 2,950.00 | 27,000.00 |
| 4 | 877/PR/JUSNL/ 2025-26 | Annual Maintenance of 132/33KV GSS Latehar for F.Y. 2026 -27. | 5,900.00 | 33,000.00 |
| 5 | 878/PR/JUSNL/ 2025-26 | Annual Maintenance of 132/33KV GSS Garhwa Road for the period for F.Y. 2026 -27. | 5,900.00 | 35,500.00 |
| 6 | 879/PR/JUSNL/ 2025-26 | Annual Maintenance of 220/132KV GSS Bhagodih for F.Y. 2026 -27. | 5,900.00 | 35,000.00 |
| 7 | 880/PR/JUSNL/ 2025-26 | Carrying out routine patrolling, preventive and breakdown maintenance of 400 KV D/C QM Latehar-Chandwa Transmission line for F.Y. 2026 -27. | 5,900.00 | 33,500.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | From 24.03.2026 at 12.00 PM to 07.04.2026 at 03.00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 24.03.2026 at 12.00 PM |
| End date and time of upload of BID | 07.04.2026 at 03.00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | 08.04.2026 at 03.00 PM |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in.Any details/clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact Mob. No. 8271433009for any enquiry. The bids willbe received through electronic tendering mode only.
2. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपयृ अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 375826 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

संपादकीय


## बहुमत का कर्त्वर्य भी बनता है अल्पमत को संरक्षण दे?

देश के पांच राज्यों में चुनावों की घोषणा हो गई है. अब चुनाव-प्रचार में तेजी आएगी. इस तेजी का एक मतलब नेताओं के भाषणों में तेजी आना है. वैसे भी, हमारे नेता, चाहे वे किसी भी रंग वाले हों, बोलने में किसी से पीछे नहीं हैं, पर अब यह बड़बोलापन और उभर कर सामने आएगा. हमारे नेता कभी भी, कहीं भी, कुछ भी बोल सकते हैं. हमारा भारत बहुत बड़ा देश है. यहां अनेक धर्म हैं, अनेक विचारधाराएं हैं. देश के हर नागरिक को अधिकार है अपनी बात कहने, अपनी बात समझाने का, अपनी विचारधारा के प्रचार-प्रसार का. हर नागरिक को यह भी अधिकार है कि वह दूसरे को गलत सिद्ध करने की कोशिश करे. शर्त बस यह है कि वह यह काम तार्किक ढंग से, विवेकशील तरीके से करे-- यह सब करते हुए दूसरे के इस अधिकार को भी स्वीकारे कि उसे भी अपनी बात कहने का उतना ही अधिकार है. बात सिर्फ अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की नहीं है, बात एक ऐसी व्यवस्था को भी स्वीकारने की है जिसे हमने अपने लिए चुना है. हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था में अलग-अलग विचारों को रहने-पनपने का अवसर है. देश में एकता का मतलब यह है कि विभिन्न धर्मों, जातियों, वर्गों का होने के बावजूद हमारे भीतर यह अहसास बना रहे कि हम सब इस देश के नागरिक हैं, देश के हित में ही हम सबका हित निहित है. इसका मतलब यह भी है कि विभिन्न विचारधाराओं का मतलब यह नहीं है कि हम एक-दूसरे के दुश्मन हैं. हम एक-दूसरे के विरोधी हो सकते हैं, एक-दूसरे को गलत मान सकते हैं, बता सकते हैं. पर हम यह कदापि नहीं चाहेंगे कि दूसरे की कीमत पर हम अपना हित साधें. हमें एकता और एकरूपता के अंतर को पहचानना होगा. एकरूपता चाहने का मतलब है दूसरे के अस्तित्व को नकारने की कोशिश करना, जबकि एकता हमें साथ मिलकर आगे बढ़ने का अवसर देती है, अर्थ समझाती है. एकता हमें बताती है कि हमारा हित एक-दूसरे के साथ होने, साथ जीने में है, जबकि एकात्मकता का अर्थ है भिन्नता का मिट जाना. किसी अस्तित्व का इस तरह का नकार आध्यात्मिक अर्थों में भले ही आकर्षक लगता हो, पर लौकिक जीवन में यह अद्वैत समस्याओं को जन्म देने वाला ही हो सकता है. आओ, साथ जियें', और क्मेरे साथ जीने के लिए तुम मिट जाओ' के अंतर को हमें समझना होगा. कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी धर्म को मानने वाला हो, किसी भी विचारधारा का हो, अच्छा भी हो सकता है, बुरा भी हो सकता है. पर वह इसलिए अच्छा या बुरा नहीं है कि वह किसी धर्म या किसी विचारधारा को मानता है. विभिन्न विचारों, धर्मों का होने के बावजूद हम साथ रह सकते हैं, यह साथ रहना ही हमारी एकता है. एक-दूसरे को अपना मानना हमारी ताकत है. आज, जबकि देश के पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा हो चुकी है, और प्रचार-कार्य ज़ोर पकड़ रहा है, इस बात की आवश्यकता कहीं अधिक है कि हमारे राजनेता संयम और समझदारी का परिचय दें. वैसे तो पिछले एक अर्से से हम देख रहे हैं कि हमारे नेता चुनावी मानसिकता से उबर ही नहीं पाते. कुछ कहने-करने का उनका अंदाज ही चुनावी हो गया है- चुनावी अर्थात् अपने विरोधी को दुश्मन की तरह देखने का अंदाज. राजनीति का यह स्वरूप भयावह है. जनतंत्र भले ही बहुमत के शासन का एक स्वरूप हो, पर इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि बहुलतावाद हमारी राजनीति का मुख्य चेहरा बन जाए. फिर, बहुमत के शासन का यह अर्थ भी नहीं है कि अल्पमत के अस्तित्व को ही नकराने का अवसर मान लिया जाए. सच तो यह है भारत जैसे देश में बहुमत का यह कर्त्तव्य भी बनता है कि वह अल्पमत को संरक्षण दे. सवाल बहुमत के हित का नहीं, सबके हित का है. 'सबका साथ, सबका विकास' सिर्फ एक नारा बन कर नहीं रहना चाहिए. यह एक विचार है जिसे ईमानदारी से फैलाने की कोशिश होनी चाहिए।

# ईरान युद्धः रोज युद्ध में 1.8 अरब डॉलर खर्च?

**दो सप्ताह में ही प्रत्यक्ष सैन्य खर्च 23 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और कोई भी युद्ध रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा. किसी भी गंभीर मध्यस्थता प्रयास से दो एशियाई महाशक्तियां-चीन और भारत-स्पष्ट रूप से अनुपस्थित हैं. बीजिंग ईरान का सबसे बड़ा तेल ग्राहक है और चाबहार तथा ग्वादर के माध्यम से बेल्ट एंड रोड कॉरिडोर में एक बड़ा निवेशक भी है, इसलिए वह तेहरान के पतन का जोखिम नहीं उठा सकता. पर वह वॉशिंगटन से टकराव का जोखिम भी नहीं ले सकता, क्योंकि इससे अमेरिका के साथ उसका 600 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार प्रभावित हो सकता है और खाड़ी से मिलने वाली ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ सकती है. भारत की दूरी और भी विरोधाभासी और पीड़ादायक है. भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और प्रतिबंध कड़े होने से पहले ईरानी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार भी था. साथ ही भारत इस्राइल के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी भी बनाए हुए है।**

**प्रभु चावला**



तेल महंगा होने से परिवहन, बिजली और रसोई गैस सब महंगे हो जाते हैं. नरेंद्र मोदी सरकार को सब्सिडी के दबाव से जूझना पड़ रहा है, जबकि परिवारों के खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं. पश्चिम एशिया की उथल-पुथल भरी भट्ठी में संघर्ष युद्धभूमि तक शायद ही सीमित रहते हैं. उनके कंपन वैश्विक व्यापार की नसों, तेल पाइपलाइनों, शेयर बाजार के संकेतकों और रोजमर्रा के घरेलू हिसाब-किताब तक पहुंच जाते हैं. ईरान को अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ खड़ा करने वाला वर्तमान उथल-पुथल भरा संघर्ष इस निर्मम रसायन का स्पष्ट उदाहरण है.

इसने भू-राजनीतिक तनाव को एक ऐसे आर्थिक संकट में बदल दिया है, जिसने दुनिया के किसी भी कोने को अछूता नहीं छोड़ा. जो युद्ध शुरुआत में ईरान की परमाणु क्षमता और बैलिस्टिक मिसाइल अवसंरचना को निष्क्रिय करने के लिए एक सर्जिकल अभियान के रूप में शुरू हुआ था, वह अब क्षेत्रीय दावानल में बदल चुका है.

विडंबना यह है कि इस निरर्थक युद्ध में लालची लाभार्थी तो बहुत कम हैं, परंतु युद्ध में शामिल न होने वाले एक दर्जन से अधिक देशों के नागरिक सबसे बड़े पराजित बन गए हैं. तेहरान की जवाबी कार्रवाई उग्र, पर असीमित रही है. मानवीय क्षति के मुकाबले आर्थिक क्षति कहीं अधिक भयावह है. इस युद्ध की दैनिक लागत लगभग 1.8 अरब डॉलर है.

दो सप्ताह में ही प्रत्यक्ष सैन्य खर्च 23 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और कोई भी युद्ध रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा. किसी भी गंभीर मध्यस्थता प्रयास से दो एशियाई महाशक्तियां-चीन और भारत-स्पष्ट रूप से अनुपस्थित हैं. बीजिंग ईरान का सबसे बड़ा तेल ग्राहक है और चाबहार तथा ग्वादर के माध्यम से बेल्ट एंड रोड कॉरिडोर में एक बड़ा निवेशक भी है, इसलिए वह तेहरान के पतन का जोखिम नहीं उठा सकता. पर वह वॉशिंगटन से टकराव का जोखिम भी नहीं ले सकता, क्योंकि इससे अमेरिका के साथ उसका 600 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार प्रभावित हो सकता है और खाड़ी से मिलने वाली ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ सकती है. भारत की दूरी और भी विरोधाभासी और पीड़ादायक है.

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और प्रतिबंध कड़े होने से पहले ईरानी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार भी था. साथ ही भारत इस्राइल के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी भी बनाए हुए है. इसके बावजूद हमारी सरकार ने 'तनाव कम करने' और 'संवाद' की सामान्य अपीलों से आगे कुछ नहीं कहा है.

दरअसल, प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव निकट हैं और महंगाई पहले ही संवेदनशील मुद्दा बन चुकी है. कुछ भारतीय रणनीतिक विश्लेषक निजी तौर पर यह भी मानते हैं कि यदि ईरान लंबे समय तक कमजोर रहता है, तो पाकिस्तान का पश्चिमी पड़ोसी व्यस्त रहेगा और खाड़ी क्षेत्र में चीन का प्रभाव भी कम होगा.

इसके अलावा, विदेश मंत्रालय के पास तेहरान, रियाद और वॉशिंगटन के बीच लगातार मध्यस्थता करने की संस्थागत क्षमता और संसाधन भी सीमित हैं. हालांकि, भारतीय राजनयिकों ने चुपचाप अमेरिकी और इजराइली समकक्षों को अपनी चिंताएं बताई हैं, पर 1991 के खाड़ी युद्ध या 2003 के इराक संकट जैसी कोई सार्वजनिक शांति पहल सामने नहीं आई.

ऐसे युद्ध का पहला झटका हमेशा भारत जैसे ऊर्जा बाजारों में महसूस होता है. जबकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों जैसे तेल उत्पादक राष्ट्र हर कीमत वृद्धि के साथ अपने खजाने भरते हुए इस अवसर का आनंद लेते हैं. पर आयात पर निर्भर देशों के लिए इसका असर तुरंत और गहरा होता है.

अपने कच्चे तेल का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करने वाला भारत मामूली कीमत वृद्धि से भी हिल जाता है. प्रति बैरल केवल 10 डॉलर की वृद्धि भारत के वार्षिक आयात बिल में 15-20 अरब डॉलर जोड़ देती है. यदि कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाए, तो एक ही वित्तीय वर्ष में यह घाटा 25 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है.

इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ेगा, चालू खाते का घाटा बढ़ेगा और महंगाई बढ़ेगी, जिससे रुपए पर दबाव पड़ेगा और 2013 के बाद मुश्किल से पुनर्निर्मित विदेशी मुद्रा भंडार कमजोर पड़ सकते हैं.

वित्तीय बाजारों में भी तूफान जल्दी आ गया. शुरुआती घबराहट भरी बिकवाली में भारत के शेयर बाजार की कुल पूंजी लगभग 16 लाख करोड़ रुपए घट गई.

इसका असर वैश्विक स्तर पर भी दिखा, क्योंकि निवेशक सोना और ऊर्जा शेयरों जैसे सुरक्षित विकल्पों की ओर भागने लगे. इस तबाही के बीच युद्ध अर्थव्यवस्था की एक भयावह विडंबना सामने आती है. जहां उद्योगों का बड़ा हिस्सा नुकसान झेल रहा है, वहीं कुछ साम्राज्य इस विनाश से फल-फूल रहे हैं. रक्षा उद्योग के विशाल निगम इस त्रासदी के सबसे बड़े विजेता हैं.

उनकी सटीक हथियार प्रणालियां, स्टील्थ फाइटर और ड्रोन युद्ध में तेजी से इस्तेमाल हो रहे हैं, और जैसे-जैसे अमेरिका और इस्राइल के हमले जारी हैं, ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं. तेल महंगा होने से परिवहन, बिजली और रसोई गैस सब महंगे हो जाते हैं. नरेंद्र मोदी सरकार को सब्सिडी के दबाव से जूझना पड़ रहा है, जबकि परिवारों के खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत के लिए यह स्थिति एक भयावह आर्थिक संकट में बदल सकती है-चालू खाते का बड़ा घाटा, गिरता हुआ रुपया और गैस, परिवहन तथा भोजन की बढ़ती कीमतों से दबे हुए परिवार. इस युद्ध के विजेता पहले ही स्पष्ट हैं- यानी अमेरिका-इजराइल की रणनीतिक धुरी, जिसने सैन्य बढ़त हासिल कर ली है, रक्षा उद्योग जिसने अरबों डॉलर का मूल्य बढ़ा लिया है, और तेल निर्यातक राजशाहियां, जिनकी आय बढ़ गई है. यदि यह युद्ध एक और महीने तक बिना रोक-टोक चलता रहा, तो इसका भारत पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा-एक ऐसा देश, जो 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है. भारत उस युद्ध का आकस्मिक और असहाय शिकार बनने की स्थिति नहीं झेल सकता, जिसमें उसने एक गोली तक नहीं चलायी, बम तो दूर की बात है।

अध्यात्म

## जब राजा ने भिखारी से मांगा अनाज



पुराने समय में एक छोटे से राज्य के राजा प्रजा के हाल जानने के लिए समय-समय पर घूमता था। एक दिन राजा घूमते-घूमते एक भिखारी के पास पहुंचा। उसने भिखारी से कहा, 'भैया, मुझे थोड़ा सा अनाज दे दो। मेरे गुरु ने कहा है कि इससे मेरे राज्य का संकट दूर होगा। '

भिखारी हैरान रह गया। उसने सोचा, 'एक राजा मुझसे भीख मांग रहा है। मैं मना कैसे करूं?' उसने अपनी झोली में हाथ डाला और मुट्ठी भर अनाज राजा को देने लगा, लेकिन मन ही मन वह सोचने लगा, 'इतना अनाज राजा को दूंगा तो मेरे लिए क्या बचेगा। ज्यादा नहीं देना चाहिए।' इसलिए उसने अपनी मुट्ठी से कुछ अनाज झोली में ही छोड़ दिया और सिर्फ थोड़ा सा राजा को दे दिया। राजा ने अनाज लेकर अपने मंत्री को दिया और कहा, 'इस अनाज के बराबर का इनाम भिखारी को देना।' मंत्री ने भिखारी के लिए एक पोटली तैयार की और उसे दे दी। भिखारी जब घर आया, तो उसने पत्नी को पूरी बात बताई। पत्नी ने पोटली खोली और देखा कि उसमें सोने के सिक्के हैं। भिखारी और उसकी पत्नी दोनों बहुत हैरान हुए। उन्हें समझ में आया कि अगर उन्होंने राजा को पूरा अनाज दिया होता, तो उन्हें और ज्यादा सोना मिलता। भिखारी को पछतावा हुआ कि उसने कंजूसी की। दोनों पति-पत्नी को समझ आ गया कि दान करते समय कंजूसी नहीं करनी चाहिए। जरूरतमंद को खुश होकर देना चाहिए। छोटे दान में भी खुशी हो, लेकिन अपने सामर्थ्य के अनुसार दान देना चाहिए।

**सीखः** जब हम किसी जरूरतमंद को कुछ देते हैं, तो खुश होकर दें। मन में कोई उम्मीद या अहंकार न रखें। खुशी से दिया गया दान सबसे ज्यादा फल देता है। दान हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार करना चाहिए। बहुत ज्यादा देने की सोच कर खुद को परेशान न करें, लेकिन कंजूसी भी न करें। बड़ा दान ही जरूरी नहीं। कभी-कभी थोड़ा सा अनाज, कपड़ा या खाने की चीज भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है।

# काम टालने की आदत से कैसे पाएं छुटकारा?

**मानव की प्रकृति है कि उसे अक्सर बेमतलब लगने वाली चीजें ही खुशी देती हैं। ऐसी चीजें, जिनके बारे में उसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होती। इनसे मनुष्य के भीतर एक झनझनाहट पैदा होती है, जो उसे जिंदा रखती है। स्थगित करने की आदत से बाहर आकर हमें सोचे हुए को करने की थोड़ी आदत डालनी चाहिए। इससे भले ही ये काम पूरे हों या न हों, उनमें सफल हो पाए या नहीं, लेकिन हम उनसे बाहर जरूर आ जाते हैं। हमारे मन-मस्तिष्क से वे निकल जाते हैं। मनुष्य एक नकारात्मक चक्र को तोड़ देता है। इससे समय का प्रबंधन हो जाता है और नए के लिए जगह भी बन जाती है। आने वाले समय के लिए अधूरे कामों और सपनों की पोटली हमें बांधकर नहीं रखनी पड़ती।**

**मोनिका भाम्भू कलाना**

हम अक्सर अपने कामों को टालने के आदी होते हैं। अनिवार्य और मजबूरी वाले दैनिक कार्य हमें करने ही पड़ते हैं, लेकिन इसके अलावा अपने शौक, अपने स्वप्नों को लोग अक्सर स्थगित रखते हैं। स्थगन की यह प्रक्रिया इस तरह हो गई है कि स्वाभाविक लगने लग गई है। कार्यों को अक्सर हम समय न होने का सोचकर एक तरफ रखते हैं और कभी-कभी वास्तव में उतना समय हमारे पास होता भी नहीं।

यह हमेशा ईमानदार उत्तर नहीं होता। अधिकतर कार्य समय नहीं होने के बजाय हमारे एक निश्चित और स्थिर जीवन शैली के अभ्यस्त होने की वजह से टाले जाते हैं। कामों को टालने से हम उनसे मुक्त नहीं हो पाते। वे हमारे मन-मस्तिष्क पर बोझ बनकर स्थायी तनाव का रूप लेने लगते हैं। इससे हमारी आदत खराब होती है। वहीं चिंता और बोरियत में भी इजाफा होता है।

सोचा हुआ न करने से धीरे-धीरे एक अपराधबोध हममें जमने लगता है और आत्मविश्वास कम होने लगता है। इससे बहुत कम समय और मेहनत मांगने वाले कार्य भी समय निकलने के साथ असंभव लगने लगते हैं। किसी को कुछ लिखना है, कहीं जाना है, किसी से मिलना है, लंबे समय बाद फोन करना है, खाने में कुछ नया बनाना है, नई किताब पढ़नी है, व्यायाम करना शुरू करना है- जैसे बहुत सारे काम हमेशा स्थगित रहते हैं।

जैसे बच्चे सोचते हैं कि वार्षिक परीक्षा के बाद मैं यह सब करूंगा, लेकिन वैसा हो पाता नहीं। ठीक वैसे ही हम इन कामों के लिए छोटे-छोटे पड़ाव चुन लेते हैं। सोचते हैं बस इसके बाद, इसके बाद मैं अपने अनुसार जीऊंगी। अधिकतर लोग नौकरी को लेकर सोचते हैं कि एक बार नौकरी मिल जाए, उसके बाद सब ठीक हो जाएगा। मैं अपने सभी अधूरे काम निपटा सकूंगा।

मगर एक परिस्थिति दूर से जैसी समस्याहीन दिखती है, वैसी होती नहीं। यह उस परिस्थिति में जाकर ही जाना जाता है। हम वर्तमान को हमेशा कठिन समय मानते हुए सोचते हैं कि भविष्य इससे आसान होगा और उस भविष्य के वर्तमान बनने पर सोचते हैं कि इससे तो पहले ही ठीक था।

चीजों को टालने से वे हमारे भीतर अधूरी आकांक्षाओं और असंतुष्टि के रूप में जमा होती जाती हैं, जिससे न सिर्फ हमारी कार्यक्षमता, बल्कि मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है, क्योंकि हमें लगता है कि दूसरे तो अपने लिए कुछ भी स्थगित नहीं रखते। वे तो जीवन का आनंद लेते हैं और हम हमेशा अधबीच में रहते हैं।

हरेक दूसरे के बारे में ऐसा ही सोचता है, यही मानवीय स्वभाव है। स्थगित किए कामों की सूची बनाने के बजाय हम एक-एक करके उन्हें करना शुरू करें, तो वे धीरे-धीरे हमारे दैनिक-क्रियाकलाप का हिस्सा हो जाते हैं। अक्सर चीजों को सोचने में जैसा भार लगता है, काम शुरू करने पर उससे कम मेहनत लगती है। इससे व्यक्ति खुद को बहलाने और बहाना मारने की आदत से भी बाहर आ सकता है।



इन कार्यों को एक साथ करने के बजाय प्राथमिकता के हिसाब से क्रमशः किया जा सकता है। कहते हैं, यात्राएं कितनी भी लंबी क्यों न हों, वे एक कदम से ही शुरू होती हैं। शुरुआत कितनी ही छोटी क्यों न हो, मनुष्य को बड़ा आत्मविश्वास देती है। जब व्यक्ति अरसे से रुके हुए कामों को करता है, तो केवल काम ही नहीं करता, बल्कि यह विश्वास भी हासिल करता है कि एक ढर्रा पकड़ चुकी जिंदगी को थोड़ी-सी हलचल देकर खुद को जीवंत कर सकता है।

उससे वह एक ऐसे माहौल से निकलने में सक्षम होता है, जिसने उसकी चेतना को जड़ करने में अहम भूमिका निभाई है। जब व्यक्ति बहुत दिनों तक कुछ भी नया नहीं करता, किसी नए काम या दिलचस्पी के कार्य को करने की कोशिश नहीं करता, तब उसकी इंद्रियां धीरे-धीरे शिथिल होने लगती हैं, उसका मन सुस्त होने लगता है और मस्तिष्क में नए विचार आने बंद हो जाते हैं। रचनात्मकता तभी जिंदा रहती है, जब उन कार्यों के लिए व्यक्ति खुद के भीतर जगह बचाए रखे, जिनमें उसकी दिलचस्पी है।

इसी से मनुष्य ऊर्जावान, सुखी और सकारात्मक महसूस करता है और सीखने का ऐसा चक्र बनता है, जिसमें क्रमशः सब चीजों में सुधार होता है। सवाल यह भी है कि ऐसे समय में जब बड़ी-बड़ी उपलब्धियां व्यक्ति के जीवन को खुशी नहीं देती, उसे आनंद नहीं देती, तो इन छोटे कामों का कोई मतलब भी बनता है ! यही समझने की बात है, बड़ी-बड़ी उपलब्धियों के लिए बहुत मेहनत मनुष्य पर भारी दबाव पैदा करती है।

मानव की प्रकृति है कि उसे अक्सर बेमतलब लगने वाली चीजें ही खुशी देती हैं। ऐसी चीजें, जिनके बारे में उसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होती। इनसे मनुष्य के भीतर एक झनझनाहट पैदा होती है, जो उसे जिंदा रखती है। स्थगित करने की आदत से बाहर आकर हमें सोचे हुए को करने की थोड़ी आदत डालनी चाहिए। इससे भले ही ये काम पूरे हों या न हों, उनमें सफल हो पाए या नहीं, लेकिन हम उनसे बाहर जरूर आ जाते हैं। हमारे मन-मस्तिष्क से वे निकल जाते हैं।

मनुष्य एक नकारात्मक चक्र को तोड़ देता है। इससे समय का प्रबंधन हो जाता है और नए के लिए जगह भी बन जाती है। आने वाले समय के लिए अधूरे कामों और सपनों की पोटली हमें बांधकर नहीं रखनी पड़ती।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

काम का दबाव अधिक रहेगा और कुछ विरोधी आपके कार्यों में बाधा डालने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी से आप स्थितियों को संभाल लेंगे।

**वृषभ**

आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे घर का माहौल और भी आनंदमय हो जाएगा।

**मिथुन**

आज का दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी, जिससे कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिल सकता है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। हालांकि पार्टनरशिप में नया व्यवसाय शुरू करने से फिलहाल बचना ही बेहतर रहेगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आप अपने मित्रों के साथ समय बिताएंगे और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी लेंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ लेकर आ सकता है। लंबे समय से चली आ रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होंगी।

**तुला**

आज का दिन आपकी आय में वृद्धि कराने वाला रहेगा। आय बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने भविष्य की योजनाओं पर भी ध्यान देंगे।

**वृश्चिक**

मन में चल रही उलझनों को दूर करने के लिए भरोसेमंद व्यक्ति से सलाह लेना लाभदायक रहेगा। आप किसी मनोरंजन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं।

**धनु**

आज का दिन लेन-देन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन किसी भी प्रकार का जोखिम लेने से बचें।

**मकर**

आज पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आपकी कोई मनोकामना भी पूरी हो सकती है।

**कुंभ**

दिखावे और अनावश्यक खर्चों से दूर रहें। आप संतान के करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। ससुराल पक्ष से आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। वैवाहिक जीवन में खुशहाली बनी रहेगी और घर का माहौल भी आनंदमय रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शहादत दिवस पर नगर सभापति और समाजसेवियों ने किया भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को नगर परिषद के महिनावा और चारहजार मोहल्ला में शहादत दिवस के अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह के प्रतिमा पर नगर परिषद के सभापति विद्याधर विनोद समेत पार्षदों व स्थानीय समाजसेवियों ने माल्यार्पण करते हुए उन्हें याद किया। शहीद ए-आजम भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद नगर के सभापति समेत अन्य लोगों ने शहीद भगत सिंह के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वाले में पूर्व पार्षद ललन सिंह, पार्षद प्रतिनिधि रणबीर कुमार, समाजसेवी सैयद आसिफ अहमद, माले नेता सुधीर राम, मोहम्मद नदीम, जुनैद हुसैन खान, बेनी राम, कामेश्वर यादव समेत कई लोग शामिल रहे।



### बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गोरैया स्थान में सड़क दुर्घटना में 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोरैया स्थान वीर बहादुर राय के रूप में की गई है। मौत की घटना को लेकर परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया है। मामले में बताया जाता है कि सड़क की ओर जा रहे थे तो पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों की मदद से घायल अवस्था में उन्हें तुरंत दानापुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। वहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। जहां अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वही पंचायत समिति सदस्य धर्म भाई यादव ने परिजनों से मिलकर दुख प्रकट किया है।

### पुनपुन स्थित इंटरस्तरीय हाई स्कूल अकौना के छात्र नफीस को जिला में दूसरा स्थान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार इंटरमीडिएट की रिजल्ट आने के बाद इस बार मसौढ़ी धनरूआ पुनपुन के कई सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं का जलवा रहा है। ऐसे में पुनपुन स्थित इंटर स्तरीय हाई स्कूल अकौना के छात्र मोहम्मद नफीस पिता नूर आलम ने पूरे जिले भर में विज्ञान संकाय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिसमें 468 नंबर यानि 93% 60 अंक लाकर जिले भर में पुनपुन। का मान बढ़ाया है मोहम्मद नफीस का रोल नंबर 2610048 है जो 500 अंक में 468 नंबर प्राप्त किया है। नफीस के पिता नूर आलम, माता नाजिया बेगम ने बताया कि नफीस की मेहनत गुरुजनों का आशीर्वाद और माता-पिता के प्रेम और इसकी मेहनत ने जिले में इसको दूसरा स्थान प्राप्त किया है इससे न केवल अकौना हाई स्कूल बल्कि पूरे पुनपुन निवासियों को इस पर गर्व है। नफीस का सपना है कि वह इस बनकर देश की सेवा करें, इसके अलावा परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों के कहा है शॉर्टकट की कोई सफलता नहीं होती है परीक्षा में मेहनत लगन अध्याय बहुत जरूरी होता है।

### रामनवमी से पहले मूर्ति चोरी होने से ग्रामीणों में मायूसी, अब तक नहीं मिला कोई सुराग

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढी के छाता गांव मे बिते आठ दिन पहले चुराई गई श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी की बेशकीमती मूर्तियों का अब तक सुराग नहीं मिला है।बताया जाता है की बिते 16 मार्च की रात मसौढ़ी के छाता गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से चुराई गई बेशकीमती श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी का अष्टधातु मूर्तियों का सुराग पुलिस को नहीं मिला है। छाता ठाकुरबाड़ी से चुराई गई अष्टधातु मूर्तियां सात करोड़ रुपए से अधिक की थी। आठ दिन बाद भी संलिप्त मूर्ति तस्करों और चुराई गई मूर्तियों के संदर्भ में पुलिस के हाथ खाली है। रामनवमी पर्व के पूर्व राम सीता और लक्ष्मण जी की मूर्तियां चोरी से छाता निवासी ग्रामीण आहत और आक्रोशित हैं। पुलिस के अनुसार विभागीय स्तर पर हरसंभव प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मूर्ति बरामद नहीं हो पाई है। बहरहाल ग्रामीणों की माने तो मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर महारामनवमी पर्व को लेकर कई कार्यक्रम किए जाने थे, लेकिन चोरों ने भगवान श्री राम माता जानकी लक्ष्मण की प्रतिमा को चुरा लेने से गांव के लोगों में इस बार मायूसी छाई है।

### शहादत दिवस के अबसर पर साम्राज्यवाद विरोधी मार्च निकाला गया

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की शहादत के 95 वी बरसी पर साम्राज्यवाद विरोधी विरासत को बुलंद करने और अमेरिका इजराइल गठजोड़ के सामने मोदी सरकार के समर्पण का विरोध करने का संकल्प लिया। मसौढ़ी में शहीद ए आजम भगत सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण भाकपा माले व युवा नेताओं ने किया और शहीदे आजम भगत सुखदेव और राजगुरु की शहादत पर 2 मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की शहीदे आजम भगत सिंह पार्क मसौढी से मार्च निकलकर रहमतगंज होते हुए तारेगना स्टेशन होते हुए तीन मोहानी पर जाकर सभा में तब्दील हो गई इस मार्च की अगुआई भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार मसौढी प्रखंड सचिव राकेश व धनरूआ प्रखंड सचिव अकलु पासवान ने की बक्ताओ ने बताया कि




भाकपा माले ने 23 मार्च से 31 मार्च तक पूरे देश में युद्ध विरोधी और साम्राज्यवाद विरोधी अभियान सप्ताह बनाने की घोषणा की है इन कार्यक्रमों के माध्यम से युद्ध के खतरों साम्राजवादी हस्तक्षेप और शांति न्याय व जन तंत्र के सवालों को व्यापक रूप से जनता के बीच उठाया जाएगा। उन्होंने अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमले की कड़ी निंदा करते हुए उसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और साम्राज्यवादी आक्रामकता बताया। इन्होंने कहा कि यह संघर्ष केवल एक देश तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विक शांति अर्थव्यवस्था और मानवता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है।इस मार्च में भाकपा माले के कमलेश कुमार, जिला कमेटी सदस्य नागेश्वर पासवान, निरंजन वर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, श्री भगवान पासवान, दीपक पासवान, कमलेश यादव, शशि यादव, संजय पासवान, सैकड़ो माले व युवा कार्यकर्ता शामिल थे।

### दीवाल पर गोइठा ठोकने के विवाद में दो गुटों में मारपीट का नामजद आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में बिते 20 मार्च को दीवाल पर गोईठा ठोकने को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई थी, जहां पर कई लोग जख्मी हो गए हैं। इस मामले में पीड़ित विवेक ने छह लोगों पर नामजद आरोपी बनाते हुए मारपीट छिनतई की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। थाने में दिए गए आवेदन में विक्की कुमार पिता विद्याभूषण प्रसाद बीबीपुर ने लिखा है हमारे घर की दीवाल के पीछे इंद्रमणि देवी पति रामाधार प्रसाद गोईठा को गोईठा ठोकने के लिए मना किया गया तो वहां से वह चली गई है उसके बाद पूरे घर परिवार मिलकर आए और फिर मारपीट करने लगे हैं वही जब हमारी मां इसका विरोध की तो गीता कुमारी सोनम कुमारी ने मिलकर मारपीट करते हुए सोने का चेन छीन लिया, एवं सेवन कुमारी और राहुल कुमार ने लोहे के रोड निकालकर मारपीट कर जख्मी कर दिया था,मसौढी थाने में मारपीट छिनतई का मामला का आवेदन थाने मे दिया गया था।इसी मामले में मसौढ़ी थाना कांड संख्या 200/26 दिनांक 20/03/26 के प्राथमिकी अभियुक्त ऋषि प्रसाद पिता चंदेश्वर प्रसाद सा0 विविपुर तो गिरफ्तार कर जेल भेजने की कारवाई की गई है।



# मसौढ़ी में बेटियों का रहा जलवा, सृष्टि तृतीय जिला टॉपर और सिद्धि को 92%, आइएएस बनने का है सपना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा में इस बार भी बेटियों का जलवा रहा है ऐसे में मसौढी के छोटे से गांव गोविन्दपुर बौरही की सृष्टि ने आर्ट्स संकाय में जिला मे टॉप थ्री रैंक लाकर मसौढी अनुमंडल का मान बढाया है सृष्टि के पिता उपेंद्र चंद्रवंशी है जो एक साधारण परिवार से है। चालक का काम करते है। बेटी सृष्टि ने गांव में रहकर ही अपनी पूरी तैयारी की। अंजनी गोविंदपुर हाई स्कूल से उसने पढ़ाई किया है।वहीं दुसरी बेटी जगपुरा बीघा के रहने वाले सिद्धि कुमारी ने अपने पूरे इलाके में विज्ञान संकाय में 92% अंक लाकर अपने इलाके का मान बढ़ाया है। दरअसल सिद्धि कुमारी के पिता रंजन कुमार पटना में बढई का काम करते हैं। सिद्धि कुमारी का बचपन से ही मैथ बिषय में शौक रहा है। इसलिए मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में मैथ में काफी अच्छे मार्क्स आए हैं, और इस बार इंटर की परीक्षा में 100 में 99 अंक लाई है और सभी विषयों में डिस्टिंक्शन मार्क्स लाए हैं। आगे चलकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर सिविल सेवा की परीक्षा देकर आईएएस बनने का सपना है, इसकी मां बबीता कुमारी ने बताया कि बेटियों को कम नहीं समझना चाहिए हर क्षेत्र में इसे आगे बढाना चाहिए, इसके अलावा जगपुरा उच्च माध्यमिक स्कूल के हेड मास्टर अनिरुद्ध कुमार ने इस मौके पर एक सम्मान समारोह आयोजित कर उसे फूल माला पहनाते हुए मिठाइयां खिलाई और इसके उज्जवल भविष्य की कामना की,स्कूल के शिक्षकों में पंकज कुमार, आमिर हुसैन, कस्तूरी कुमारी आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। इसके अलावा धनरूआ प्रखंड के उच्च माध्यमिक बरनी स्कूल के अमोल कुमार पिता कुंदन कुमार, माता पिंकी कुमारी ने वाणिज्य संकाय से 93% मार्क्स लाकर अपने इलाके का मान बढ़ाया है यह वाणिज्य संकाय का छात्र रहा है। वही अमोल के शिक्षक सनोज कुमार डीवी क्लासेस ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं विज्ञान संकाय में रवि किशन कुमार पिता हरिहर कुमार कुम्हरटोली निवासी ने सभी सब्जेक्ट में डिस्टिंक्शन मार्क्स लाकर टॉपर लिस्ट में परचम लहराया है।अनुमंडल स्तर पर अव्वल दर्जे में इस बार मसौढ़ी के सृष्टि, सिद्धि, अर्जुन कुमार और अमोल,रविकिशन आदी को अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार के अलावा शिक्षक पंकज कुमार, आचार्य विश्रंजन ,डॉ सुधीर कुमार सिंह, राहुल चंद्रा ने टॉपर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।









## खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला व्रत, छठी मैया का किया आहवान, आज संध्याकालीन देंगे अर्घ्य

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का दूसरे दिन सोमवार को खरना के रूप में मनाया गया. इस दिन से छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया. पूरे विधि-विधान के साथ व्रतियों ने खरना पूजा संपन्न की और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मसौढी के मणीचक सूर्य मंदिर धाम पर छठवर्तियों का ताता लगा रहा, इसके अलावा अपने पने घरों में भी खरना पूजा किया।कभा जाता है की खरना छठ पूजा का व्रत की संकल्प शक्ति और तपस्या को दशार्ता है. इस दिन व्रतियों ने दिनभर निराहार रहकर शाम को गुड़ की खीर और घी लगी रोटी का प्रसाद ग्रहण किया. पहले इसे पारंपरिक रूप से मिट्टी के चूल्हे और मिट्टी के बर्तन मे खरना प्रसाद को पूरी शुद्धता के साथ बनाया गया. इसे न केवल व्रती बल्कि पूरे परिवार और पड़ोसियों में भी वितरित किया गया. प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों ने अगले दिन से कठिन उपवास की तैयारी की. यह उपवास छठ के मुख्य दिन तक चलता है. मणीचक की व्रती ललिता देवी ने बताया कि चैती छठ का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि खरना के दिन का प्रसाद खाने के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होता है. उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ही अन्न ग्रहण किया जाता है।खरना के बाद तीसरे दिन व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी की. गंगा, तालाबों और नदियों के किनारे व्रतियों ने परंपरागत तरीके से पूजा की. संध्या अर्घ्य के दौरान व्रती जल में खड़े होकर सूर्य देव की आराधना करते हैं। वही सतिस्थान के रहने वाली छठवर्ती रिंकी पांडे, रंजू कुमारी मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभु कुमार सिंह आदि ने अपने परिवार की सुख शांति और मसौढी की शांति की कामना की।






## पी.एन.गाडगील ज्वेलर्स ने हासिल किया महत्वपूर्ण पड़ाव

### 10,000 करोड़ रुपये के रेव्हेन्यू का पड़ाव पार

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पी.एन.गाडगील ज्वेलर्स ने आर्थिक वर्ष 2025-26 में 10,000 कोटी रुपए के रेव्हेन्यू का पड़ाव हासिल किया है. यह उपलब्धि व्यवसाय में गति की मजबूत दशार्ती है. साथ ही गुढी पाड़वा के शुभ अवसर पर कंपनी ने 170.7 करोड़ रुपये की बिक्री की है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है. सोने का विभाग रेव्हेन्यू वृद्धि के लिए मुख्य चालक रहा है, जिसके रेव्हेन्यू में वर्षागणिक 35 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है. इसके साथ ही हीरे और चांदी के विभाग में क्रमशः 61 प्रतिशत और 118 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखने को मिली है. पी.एन.गाडगील ज्वेलर्स के अध्यक्ष व व्यवस्थापकीय संचालक डॉ.सौरभ गाडगील ने कहा की, 10,000 करोड़ रुपये के रेव्हेन्यू का आंकड़ा पार करना हमारे सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है और यह पड़ाव पार करना हमारी लंबे समय से रही आकांक्षा थी. यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों के विश्वास और हमारे कर्मचारियों के निरंतर समर्पण का प्रमाण है.सभी के सामूहिक प्रयासों से ही यह सफलता संभव हो पाई है. गुढी पाडवा हमारे लिए हमेशा से एक महत्वपूर्ण त्योहार रहा है. इस वर्ष सोने की बढ़ती कीमतों के बावजूद सभी बाजारों में ग्राहकों का जोरदार प्रतिसाद मिला है, जिससे 170.7 करोड़ रुपये की बिक्री हुई.यह हमारे ब्रांड की मजबूती और विभिन्न श्रेणियों व बाजारों में हमारी निरंतर सफलता को दशार्ता है. हम इस कामगिरी को इसी तरह से आगे भी बनाए रखने के लिए आशावादी हैं. अभी शुरू हुए शादियों का सीजन, नए बाजारों में विस्तार और आकर्षक डिजाइन व बेहतर मूल्य प्रदान करने पर हमारा सातत्यपूर्ण ध्यान के चलते हम वित्तीय वर्ष की समाप्ति सफलतापूर्वक करने के लिए तैयार है.

### पुनपुन के लोदीपुर स्थित सूर्य मंदिर का 25वें स्थापना दिवस पर कलश यात्रा का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। ऐसे में पुनपुन प्रखंड के लोदीपुर गांव स्थित सूर्य मंदिर का 25वां स्थापना दिवस के मौके पर सोमवार को भव्य तरीके से कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जहां तकरीबन 1000 से अधिक महिला श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश रखकर लोदीपुर गांव से पुनपुन के पावन तट पर पहुंचे और वहां से जलभरी करते हुए पुनः अपने लोदीपुर सूर्यमंदिर धाम के पास पहुंचे हैं, उसके बाद मंगलवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। आयोजक विनय कुमार सिंह ने बताया कि लोदीपुर स्थित सूर्य मंदिर 2001 में स्थापित की गई थी जहां भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थापित कर छठ का पर्व किया जाता है और प्रत्येक साल यहां पर सैकड़ो की संख्या में छठ का पूजन होते रहा है। ऐसे में छठ पर्व के मौके पर 25 वां स्थापना दिवस मनाते हुए विधवत तौर पर अनुष्ठान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक में लोदीपुर गांव के अनय कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, प्रदीप सिंह के साथ बाल विकास मंडली के सभी युवा शामिल रहे।

## बिहार पशु विज्ञान विवि पटना बकरी उत्सव-2026 में बिहार के 52 पशुपालकों की भागीदारी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना स्थित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'बकरी उत्सव-2026' में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 52 बकरी पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लगभग 200 बकरियों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें प्रमुख नस्लें जैसे बीटल, ब्लैक बंगाल, जमुनापारी, सिरोही एवं बरबरी शामिल थीं। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजनी कुमार, निदेशक, भा.कृ.अ.प. अटारी, पटना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रामेश्वर सिंह, पूर्व कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों से आए पशुपालकों की सराहना करते हुए कहा कि बकरी पालन को व्यावसायिक मॉडल के रूप में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्रगतिशील बकरी पालकों को विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नियमित रूप से आमंत्रित किया जाए, ताकि अन्य किसानों को प्रेरणा मिल सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. रामेश्वर सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा नियमित रूप से किये जा रहे। आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी सफल पशुपालक के पीछे पशुपालन संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्य अतिथि डॉ. अंजनी कुमार ने विश्वविद्यालय को सशक्त बनाने में डॉ. रामेश्वर सिंह के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान तीन सफल किसान-उद्यमियों ममता शर्मा, बिपिन कुमार एवं संतोष कुमार ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी किसानों एवं उद्यमियों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार एवं उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। प्रदर्शनी में स्टॉल लगाने वाले प्रतिभागियों को भी प्रशंसा प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ. पंकज कुमार एवं डॉ. वाई.एस. जादौन द्वारा किया गया।



## वितीय साक्षरता से बजट प्रबंधन सीखें युवा : प्रो. शांडिल्य

### टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में 'कोना कोना शिक्षा' वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआईएसएम - सेबी की क्षमता निर्माण पहल) और कोटक सिक्योरिटीज के संयुक्त सीएसआर पहल 'कोना कोना शिक्षा-एक वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम' का दो दिवसीय सत्र 23 एवं 24 मार्च 2026 को कौटिल्य सभागार में सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं को वित्तीय शिक्षा प्रदान करना, बजट प्रबंधन, बचत, निवेश एवं प्रतिभूति बाजार की बुनियादी समझ विकसित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने की। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए छात्रों से वित्तीय साक्षरता से बजट का प्रबंधन सीखने को कहा। आज के युवाओं के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे अपनी आय-व्यय को संतुलित रखें, अनुशासित बचत करें और स्मार्ट निवेश निर्णय लें। प्रशिक्षक श्वेता कुमारी ने कहा कि कोना कोना शिक्षा कार्यक्रम युवाओं को व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, बचत की आदतें, म्यूचुअल फंड, बीमा, स्टॉक मार्केट की बुनियाद और निवेश के सिद्धांतों से परिचित कराता है। आज के डिजिटल युग में वित्तीय ज्ञान की कमी एक बड़ा जोखिम है। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. रूपम ने कहा यह कार्यक्रम हमारे कॉलेज के छात्रों के लिए बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन कोओर्डिनेटर डॉ हंस कुमार सिंह। इस अवसर पर डॉ ज्योत्स्ना कुमारी एवं मीडिया संयोजक डॉ मुकुंद कुमार भी उपस्थित थे।



## हैम ऑपरेटर उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हैम रेडियो (Amateur Radio) एक विश्वसनीय वैकल्पिक संचार प्रणाली है, जो प्राकृतिक आपदाओं, आपातकालीन परिस्थितियों तथा पारंपरिक संचार नेटवर्क के विफल होने पर अत्यंत प्रभावी भूमिका निभाती है। प्रशिक्षित हैम ऑपरेटर बिना किसी वाणिज्यिक नेटवर्क के दूरस्थ क्षेत्रों तक संदेशों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करते हैं और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सोसाइटी ऑफ रेडियो अमेच्योर (SORA) द्वारा 21 एवं 22 मार्च 2026 को फ्लोटाफे फ्लोटेल में 'हैम रेडियो फील्ड डे' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सहित विभिन्न राज्यों से लगभग 30 हैम ऑपरेटरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपातकालीन संचार प्रणाली का परीक्षण किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आज तीन विशिष्ट हैम ऑपरेटरों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले ऑपरेटर हैं। श्रीमती भारती प्रसाद, हैदराबाद - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त महिला ऑपरेटर, जिनका 40 वर्षों का अनुभव है। तपस चक्रवर्ती, कोलकाता। रजनी मोहन, दिल्ली। इन पुरस्कारों का वितरण दूरदर्शन केंद्र, पटना के समाचार निदेशक सलमान हैदर द्वारा किया गया। यह आयोजन आपातकालीन संचार के महत्व को रेखांकित करता है तथा भविष्य में आपदा की परिस्थितियों में प्रभावी संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




## प्रेम प्रसंग में फरार 3 बच्चों की मां प्रेमी संग गिरफ्तार, लड़के ने उसी से शादी करने की बात कही

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाने में उसे वक्त हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जहां बीते कुछ दिन पहले तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई थी जो प्रेमी के साथ पुलिस ने उसे बरामद किया है। दरअसल एक विवाहिता अपने तीन बच्चों को छोड़कर एक अविवाहित युवक के साथ फरार हो गई थी,ऐसे मे फरार महिला और उसके प्रेमी को सोमवार,को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में लिया। इस घटना के बाद थाने में घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला। बताया जाता है की महिला की शादी 2016 में हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं, उसके पति ने बताया कि उन्हें एक साल पहले से पत्नी के किसी और के साथ चक्कर चल रहा था, लेकिन परिवार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।वहीं महिला 20 मार्च को 20 वर्षीय आदित्य कुमार के साथ फरार हो गई थी। हलांकि आदित्य कुमार का भी विवाह तय हो चुका था। युवक का कहना है कि वह उसी महिला के साथ ही शादी करेगा। आदित्य के पिता का नाम रिपु यादव है, जो गंगाचक मालिकाना के निवासी हैं। फिलहाल दोनों को न्यायिक हिरासत में लिए जाने के बाद मसौढ़ी थाने में घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे, लेकिन महिला और युवक अपनी बात पर अड़े रहे। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से पहले ही एफआईआर दर्ज कर ली है।



## महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विशेष सामुदायिक जागरूकता शिविर का शुभारंभ

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के सामुदायिक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव अर्जुन टोला, मई (हिलसा) में सात दिवसीय विशेष सामुदायिक जागरूकता शिविर का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0अनिल कुमार सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पिंकी कुमारी, नगर परिषद् हिलसा के मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, उप मुख्य पार्षद दुर्गा कुमारी, वार्ड संख्या 4 के पार्षद राकेश कुमार शर्मा, डॉ संदीपा इंद्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है तथा इस प्रकार के शिविर ग्रामीण विकास और सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पिंकी कुमारी ने शिविर के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के दौरान सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं। इस अवसर पर रसायन विभाग की अध्यक्ष डॉ संदीपा इंद्रा, भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ सम्राट सरकार अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ रविंद्र साह एवं प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा,लेखापाल रोनित रॉय, मधुसूदन कुमार भी उपस्थित रहे।



**Name Change**

I hitherto known as Surya Bhushan Singh s/o Ved Prakash Singh vill- Bimwan, post- Bimwan, PS- Jagdishpur, Distt.- Bhojpur, Bihar PIN- 802152 have changed my name and I shall hereafter be known as Virat Singh

# विज्ञान संकाय में अनामिका को मिला बिहार में तीसरा स्थान

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटर का रिजल्ट जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखंड के आरकेएल हाई स्कूल की छात्रा अनामिका कुमारी ने विज्ञान संकाय में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार में तीसरा स्थान हासिल किया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी होते ही पूरे राज्य में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी कड़ी में मटिहानी स्थित आरकेएल हाई स्कूल की छात्रा अनामिका कुमारी ने विज्ञान संकाय में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे बिहार में तीसरा स्थान हासिल किया है। अनामिका ने 478 अंक (95.60 प्रतिशत) प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। बताया जाता है कि अनामिका मूल रूप से लखीसराय जिले के रामचंद्रपुर गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा अपने गांव से ही पास की थी। जिसमें उन्हें 483 अंक के साथ राज्य में छठा स्थान मिला था। इसके बाद वे अपनी फुआ के गांव मटिहानी आकर आगे की पढ़ाई करने लगीं और यहीं से इंटरमीडिएट की परीक्षा दी।अनामिका के पिता दीपक कुमार बेगूसराय में ही एक प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। जबकि उनकी मां दीपिका कुमारी गृह्णिी हैं। साधारण परिवार से आने वाली अनामिका ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि सच्ची मेहनत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने अनामिका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं इस सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है। रिजल्ट घोषित होते ही अनामिका के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। मिठाइयां बांटी जा रही हैं। और पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। लोग इसे बेगूसराय के लिए गर्व का क्षण बता रहे हैं।

## इंटर परीक्षा में बेटियों ने लिखी सफलता की नई कहानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र इंटरमीडिएट परीक्षा के घोषित परिणाम में प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता की नई कहानी लिख दी है। सीमित संसाधनों के बावजूद बेटियों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर उच्च अंक हासिल कर यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नावकोठी की छात्रा नंदनी कुमारी ने विज्ञान संकाय में 445 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त किया। वह बबलू कुमार पंडित की पुत्री हैं। नंदनी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को देते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन और ईमानदारी से किया गया परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। इसी विद्यालय की श्रुति राज ने 436 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके पिता नीरज कुमार मजदूरी करते हैं, जबकि माता प्रमिला महतो शिक्षिका हैं। श्रुति ने बताया कि कठिन परिश्रम और अनुशासन से ही सफलता हासिल की जा सकती है तथा छात्रों को किताबों से दोस्ती करनी चाहिए।

# वाहन से कुचलकर दंपति की मौत

## मॉर्निंग वाक को निकले थे दंपति, चालक व बॉडीगार्ड गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के श्रीनगर-मोहनपुर गांव के समीप सोमवार की सुबह सड़क हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई। मृतकों की पहचान श्रीनगर गांव वार्ड-10 निवासी 60 वर्षीय नथुनी यादव और उनकी 52 वर्षीय पत्नी इंदु देवी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक दोनों रोज की तरह सोमवार की सुबह मार्निंग वाक पर निकले थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार महिंद्रा एक्सयूवी 700 ने उन्हें कुचल दिया। सूत्रों के अनुसार यह गाड़ी वरीय पुलिस पदाधिकारी से जुड़ी बताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय गाड़ी का ड्राइवर दो बडीगार्ड को लेकर जा रहा था। हादसे के बाद मौके पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर और दोनों बॉडीगार्ड को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एयरबैग तक खुल गए। इससे हादसे की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बलिया डीएसपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। वहीं थानाध्यक्ष सिंटू कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और वाहन के मालिक, चालक व अन्य पहलुओं की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

# गैस गोदाम से सिलेंडर लेने पर उपभोक्ताओं को मिलती है 20 से 33 रुपए की छूट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** शहर में गैस की किल्लत एवं एजेंसी मालिक के द्वारा उपभोक्ता को मिलने वाली लाभ को हजम करने में लगे हैं। उक्त बातें नक्की नगर केशोपुर में जनता जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करते हुए वार्ड पार्षद राकेश तिवारी ने कहा। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि गैस उपभोक्ता को यह मालूम नहीं है कि गोदाम से अगर गैस लेते हैं तो उन्हें 20 से 33 रुपए की छूट मिलता है जो जानकारी के अभाव में एजेंसी मालिक उपभोक्ता को नहीं देते हैं। जबकि यह राशि शहर के अनुसार तय होता है। कैश एंड कैरी नियमावली के तहत मिलने वाली इस राशि का गोलमाल शहर के तमाम गैस एजेंसी कर रहे हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा कि शहर के तमाम एजेंसी मालिक पिछले 30 से 35 साल से इस स्कीम के तहत लाभुकों को किसी प्रकार की छूट नहीं दे रही है। एक आकलन के अनुसार यह पता चलता है कि तीन से चार करोड रुपए इस स्कीम के तहत उपभोक्ताओं का गबन किया गया है। ऐसी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ता के सवाल पर हम जनप्रतिनिधि कभी भी सड़क पर उतरने के लिए बाद होंगे। बैठक में वार्ड पार्षद राकेश कुमार प्रतिनिधि गौतम आजाद, दीपक कुमार सहित कई जनता मौजूद थे।

## विद्यालय में लगा एनीमिया जांच कैंप

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुर में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार चौधरी की उपस्थिति में मल्हीपुर पीएचसी की एएनएम प्रिया भारती, नोडल शिक्षिका ब्यूटी कुमारी के द्वारा छात्राओं का एनीमिया जच हेतु टी3 (टेस्ट, टक, एंड ट्रिटमेंट) कैंप का आयोजन किया गया। एवं छात्राओं को हाइजीनिक किट का वितरण किया गया। किट में रखी सामग्रियों के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मौके पर शिक्षिका पूजा कुमारी एवं शिक्षक सौरभ कुमार, कमलेश कुमार, संजीव कुमार सिन्हा, अब्दुस सलाम, अमरजीत कुमार, राजीव आलम, प्रतीक कुमार उपस्थित रहे। इस आयोजन से छात्राओं में भी उत्सुकता बनी रही और इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सरकार की इस पहल के लिए धन्यवाद किया।

# आस्था का केंद्र बना दुर्गा मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय के एपीएस उच्च विद्यालय मैदान में स्थापित दुर्गा मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बना है। यहां सच्चे मन से मांगी हर मुराद पूरी होती है। यही कारण है कि लगभग पंद्रह वर्षो से यह श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। ऐसे प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्रा व वासंतिक नवरात्र का आयोजन इस मंदिर में किया जाता है। यह मंदिर लोगों की आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। ऐसा मानना है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से मां से अपनी मुराद मांगते हैं वे कभी खाली हाथ नहीं लौटते हैं। यहां लगभग 15 वर्षो से आस्था और उत्साह के साथ चौती दुर्गा के अवसर पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। पूरे गांव के लोग पूजा में भाग लेते हैं। हालांकि नावकोठी पंचायत के तीन दुर्गा मंदिरों में सिर्फ इसी मंदिर में चौती दुर्गा का आयोजन किया जाता है। लोगों में एक खासा उत्साह देखने को मिलता है पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि यहां आने वाले हर श्रद्धालुओं को मन चाही मुरादें पूरी होती हैं। यहां के पुजारी अनमोल कुमार ने बताया कि नावकोठी में एकलौता दुर्गा मेला बड़ा ही भव्य होता है। इसलिए यहां पर लोगों का अच्छा खासा जमावड़ा लगा रहता है। कई गांवों नावकोठी, वृंदावन, पहसारा, चक मुजफ्फर, हसनपुर बागर, चक्का, रजाकपुर, बेगमपुर, छतौना, डफरपुर आदि गांव के लोगों का आस्था का प्रतीक यह मंदिर है। जहां पर सभी जगहो के लोगों का भीड मंदिरो में बना रहता है।

# पांचवें दिन स्कंदमाता की हुई पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के वासंतिक नवरात्रा में दुर्गा सप्तशती के पाठ से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर बहुत ही विधि-विधान से माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-उपासना की जाती है। मां दुर्गा के पांचवें रूप स्कन्द माता की पूजा अर्चना की गयी। माता की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरद मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता। नवरात्रि में पाँचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। पंडित रतीशचंद्र पाठक ने दुर्गा माता के पाचवे स्वरूप की पूजा अर्चना की। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। यजमान अनमोल कुमार दुर्गा मंदिर में पांचवें दिन सप्तर्षि दुर्गा पाठ किया। उन्होंने कहा कि इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। उनकी पूजा से मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है। यह देवी विद्वानों और सेवकों को पैदा करने वाली शक्ति है। यानी चेतना का निर्माण करने वालीं। कहते हैं कालिदास द्वारा रचित रघुवंशम महाकाव्य और मेघदूत रचनाएं स्कंदमाता की कृपा से ही संभव हुईं।

# पीएचसी में गर्भवतियों की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पीएचसी भगवानपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गयी। इस कैंप्र में परिवार कल्याण काउंसलर नियति कुमारी मिश्रा ने 62 से अधिक महिलाओं को गर्भनिरोधक दवाइयां दी। इस कैम्प में गर्भवती महिलाएं को स्वास्थ्य जांच के बाद परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को समझाया गया और जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दिए गए। गर्भवती महिलाएं की एएनसी, ब्लड, यूरिन,एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट बीट आदि की भी जांच डा. अनुपम कुमारी की उपस्थिति में एलटी फिरोज आलम, सीएचओ नवीन, राजू, निशा आदि के द्वारा किया गया। काउंसलर नियति मिश्रा ने बताया की प्रसव अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से किसी भी प्रकार की परेशानी का शुरुआती दौर में ही पता चल जाने से उसे आसानी से दूर किया जा सकता है।

# 106वीं जयंती पर याद किए गए महान समाजवादी चिंतक डॉ. लोहिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मुंगेर।** महान समाजवादी चिंतक विचारक युगद्रष्टा डॉ राम मनोहर लोहिया की 106वीं जयंती सोमवार को मुंगेर जिला समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित पार्टी के अस्थाई कार्यालय बेलन बाजार में सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव के अध्यक्षता में आयोजित की गई जहां उपस्थित सपाइयों ने डॉ लोहिया के तस्वीर पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि निवेदित कर उन्हें भारतीय राजनीति का शिल्पकार बताते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा की। सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि डॉ लोहिया भारतीय राजनीति के वो अद्भुत शिल्पकार थे जिसने देश की राजनीति में कई आयामों को आकार दिया चाहे गैर कंग्रेसवाद का नारा हो या फिर सप्त क्रांति डॉ लोहिया कहा करते थे। आजादी के बाद कंग्रेस कपटी पार्टी बन कर रह गई है और यह बातें सही साबित हो रही आज अगर भाजपा जैसी संप्रदायिक पार्टी देश को विध्वंस के कगार पर पहुंच रही है तो ये कंग्रेस की नीतियां है जिस पर भाजपा अमल कर रही है। श्री यादव ने कहा की जिस तरह डॉ लोहिया ने कंग्रेस के सल्तनत को भस्म कर दिया आज फिर आवश्यकता है समाजवादियों के एका का, जिससे कि हम संप्रदायिक शक्तियों को करारा जवाब दे सके यही डॉ लोहिया को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकान्त झा ने कहा की डॉ लोहिया सदैव कहां करते थे। हम समाजवादी चुनाव जीते या हारे हम अपने रास्ते पर चलते रहेंगे और हम सपाईयों को भी बिना हताश और निराश हुए अपने रास्ते पर चलना होगा क्योंकि आज हमारे जिले की इतनी भयावह स्थित है की शासन प्रशासन किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं हर जगह लूट का साम्राज्य है एक जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आम आदमी को कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं। तानाशाही सरकार को इसका इल्म नहीं जिसका जवाब उन्हें सड़कों पर देना होगा यही महामना डॉक्टर लोहिया को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर उपाध्यक्ष रामनाथ राय महासचिव मिथलेश यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम सदर प्रखण्ड अध्यक्ष ईश्वर मंडल रामानन्द यादव छडपन मंडल डॉ सुधीर गुप्ता डब्ल्यू यादव लोरीक महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# माले मनाएगा साम्राज्यवाद विरोधी सप्ताह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भाकपा माले ने सोमवार को जिला कार्यालय कमलेश्वरी भवन से भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की तस्वीर के साथ मार्च निकाला जो कचहरी रोड, नगर थाना चौक से गुजरते शहीद स्थल पहुंच सभा में परिणत हो गया। सभा से पूर्व अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु को माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा भाकपा. माले ने 23 मार्च से 31 मार्च तक पूरे देश में युद्ध-विरोधी और साम्राज्यवाद-विरोधी अभियान सप्ताह मनाने की घोषणा की है। इस दौरान देशभर में सभाएं, जुलूस, जनसंवाद, प्रतिरोध मार्च और विविध जनकार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युद्ध के खतरों, साम्राज्यवादी हस्तक्षेप और शांति, न्याय व जनतंत्र के सवालों को व्यापक रूप से जनता के बीच उठाया जाएगा। माले के जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने कहा है कि यह अभियान भगत सिंह के शहादत दिवस (23 मार्च) से लेकर का. चंदू के शहादत दिवस (31 मार्च) तक चलाया जाएगा। जो हमारे स्वतंत्रता संग्राम और जनसंघर्षों की गौरवशाली परंपरा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अमेरिका. इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और साम्राज्यवादी आक्रमकता बताया। कार्यक्रम में चन्द्रदेव वर्मा, बैजू सिंह, राजेश श्रीवास्तव, नवल किशोर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मालती श्रीवास्तव, पुनम देवी, अजय कुमार, विशाल, रामकुमार तांती, इन्द्रदेव राम, गौड़ी पासवान, रंजीत चौधरी, संजय ठाकुर, नन्हकू पासवान, प्रभू पासवान, राजाराम आर्य, कन्हैयालाल साह, निलेश झा, मोहम्मद अकरम, लड्डू लाल दास इत्यादि शामिल थे।

## एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेगूसराय।** जी डी कलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी व एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईव व एड्स के प्रति जागरूक करना तथा इसके बचाव और सुरक्षा की भावनाओं को जोड़ना था। साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमें सही जवाब देने वाले स्वयंसेवकों को बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के द्वारा उपकार प्रकाशन का बुक सेट उपहार स्वरूप दिया। कार्यक्रम दौरान छात्र-छात्राओं को एचआईवी व एड्स के बारे में जानकारी प्रदान की गई और उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। सेहत केंद्र की नोडल अफिसर सह राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सफर अफरोज ने कहा कि एचआईवी व एड्स के प्रति जागरूकता महत्वपूर्ण है और इससे समाज में भेदभाव को समाप्त करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान एचआईवी व एड्स के कारण इसके संक्रमण के तरीके बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# मंत्री ने चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन कुमार को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से कला व संस्कृति पवेलियन में चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन कुमार सम्मानित किए गए. इससे मुंगेर में खुशी की लहर दौड़ गई है। बिहार दिवस के अवसर पर राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित विशेष कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र मशहूर कलाकार हीरो राजन कुमार हैं. कला व संस्कृति पवेलियन में चार्ली चैप्लिन द्वितीय राजन कुमार का बहुत बड़ा बैनर लगाया गया है जिसपर एक बात लिखी है। अगर आप नहीं हँसते हैं तो समझ लें कि आपके जीवन का एक दिन व्यर्थ हो गया है इसलिए हंसें। राजन कुमार अपने जीवंत अभिनय से महान कॉमेडियन चार्ली चैप्लिन के रूप में दर्शकों को दशकों से हँसाते आ रहे हैं। लोग चार्ली चैप्लिन द्वितीय से मिलकर बहुत खुश हैं और उनके साथ फोटो ले रहे हैं। उनके लाईव शो को देखकर एंजॉय कर रहे हैं. पिछले 25 साल से चार्ली चैप्लिन के किरदार को जी रहे बिहार के अंतरराष्ट्रीय अभिनेता हीरो राजन कुमार बिहार के कला प्रेमियों को खूब पसन्द आ रहे हैं। चार्ली चैप्लिन द्वितीय ने अपना 5373वां लाइव शो पूरा किया। लोगों का कहना है कि उनका व्यवहार बहुत अच्छा है सभी फैंस के साथ वह फोटो खिंचवा रहे हैं।

# खोया मोबाइल लौटाकर आरपीएफ ने लौटायी मुस्कान

## गया-जमालपुर पैसेंजर ट्रेन में कटिहार के यात्री का छूट गया था मोबाइल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर खड़ी ट्रेन गया जमालपुर पैसेंजर ट्रेन में आरपीएफ ने लावारिस अवस्था में एक मोबाइल को बरामद किया। बरामद मोबाइल का जांच पड़ताल किया गया तो पता चला कि कटिहार जिले के किसी यात्री का मोबाइल सीट पर छूट गया था जिसे आरपीएफ ने मोबाइल को यात्री को सुपुर्द कर उनके मुस्कान को लौटाने का काम किया। ट्रेन से बरामद मोबाइल के बारे में आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर जेआर मीणा ने बताया कि प्लेटफॉर्म ड्यूटी के दौरान ट्रेन में सर्च करने के दौरान सीट पर एक मोबाइल मिला। जांच पड़ताल के बाद पता चला कि ट्रेन में किसी यात्री का भूल बस मोबाइल छूट गया। जिसकी सूचना संबंधित मोबाइल के यात्री को दी गई। सूचना मिलने के बाद कटिहार जिले के दुर्गापुर विनोद टोला निवासी मिंनचु सिंह को मोबाइल जांच पड़ताल के बाद दे दी गई। इधर आरपीएफ के इस सकारात्मक पहल की प्रशंसा यात्रियों ने किया है।

## पांच वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच गैर जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने जानकारी देते हुए बताया कि इनैया गांव से सुरेश पोद्दार के पुत्र पंकज पोद्दार, ब्रह्मदेव पोद्दार के पुत्र संजय कुमार तथा सत्यनारायण पोद्दार के पुत्र राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया। वहीं इसफा गांव से स्व. ढोढो पासवान के पुत्र रामचंद्र पासवान तथा नावकोठी से कालेश्वर सहनी के पुत्र भुवनेश्वर सहनी को भी छापेमारी कर दबोचा गया।पुलिस ने सभी वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। अभियान के तहत पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु गाडासिल टीकाकरण अभियान कल से शुरु किया जाएगा। इस टीकाकरण अभियान से संबंधित तैयारियों को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कल मंगलवार से आरंभ होने वाले इस अभियान पूरे तीन महीने तक चलेगा। इस दौरान भागलपुर स्थित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सदर अस्पताल और सभी प्रखंड सामुदायिक केन्द्रों पर प्रत्येक कार्य दिवस को 14 से 15 साल के बीच की सभी लड़कियों का टीकाकरण किया होगा। वहीं इसके लिए जन जागरुकता कार्यक्रम चलाने पर जोर देते हुए सभी अभिभावकों से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु अपने लड़कियों को टीकाकरण कराने की अपील करने पर बल दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन के अलावे जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ धनंजय कुमार, शहरी क्षेत्र के कंसल्टेंट दयानंद मिश्रा, यूनिसेफ के समन्वयक अमित कुमार और डब्लूएचओ, यूएनडीपी एवं जेएसआई के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# तिथि भोज कार्यक्रम में बच्चों में दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** बिहार दिवस के अवसर पर सोमवार को शिवाजीनगर प्रखंड के 15 प्राथमिक विद्यालयों में विशेष रूप से तिथि भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को खीर, पूरी, सब्जी एवं जलेबी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। अपने घर जैसा स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला तिथि भोज कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ाना तथा उन्हें पोषाहार के साथ-साथ उत्सव का अनुभव कराना है। इस मौके पर विद्यालय परिसर में साफ-सफाई और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया था कार्यक्रम की निगरानी करते हुए मध्यान्ह भोजन प्रखंड साधन सेवी रंजीत राम ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता तथा वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालयों में निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार किया गया और बच्चों को व्यवस्थित तरीके से परोसा गया इस दौरान सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं रसोईया पूरी तत्परता के साथ भोजन बनाने और बच्चों को परोसने में जुटे रहे। बच्चों ने भी अनुशासन के साथ पंक्तिबद्ध होकर भोजन ग्रहण किया प्रखंड के जिन विद्यालयों में तिथि भोज का आयोजन किया गया, उनमें प्राथमिक विद्यालय महेशवारा, ब्रह्मदेवता, चतरा, मेंघुलियां, नरसिंहा, श्यामपुर थाही, भररिया, सिरसिया, कांकड़, शिवराम, गौरा, सुरीवा पोखर, तेलिया राही तथा महदेवा कन्या विद्यालय शामिल थे।

# जुलूस के दौरान दूसरे धार्मिक स्थलों के सामने नहीं लगाएं नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद शहर के विभिन्न रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों के साथ सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, औरंगाबाद, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जुलूस मार्गों की तैयारी, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं विधि-व्यवस्था के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पूजा समितियों के सदस्यों द्वारा रामनवमी जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जुलूस मार्गों में लूज विद्युत तारों को ठीक कराने, मार्गों की साफ-सफाई कराने तथा सड़कों पर गड्ढों का समतलीकरण कराने का अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त जुलूस मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का भी अनुरोध किया गया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, औरंगाबाद को निर्देश दिया गया कि जुलूस चार्ट के अनुसार जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर लूज विद्युत तारों को अविलंब ठीक कराना सुनिश्चित करें, ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद औरंगाबाद को निर्देश दिया गया कि जुलूस मार्गों का सत्यापन करते हुए सड़कों के गड्ढों का समतलीकरण कराया जाए तथा सभी पूजा स्थलों के समीप साफ-सफाई एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा पूजा समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा निर्धारित मार्ग एवं समय का अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही जुलूस के दौरान किसी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक सूचना पर ध्यान नहीं देने तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों द्वारा प्रशासन को आश्वस्त किया गया कि वे रामनवमी पर्व के अवसर पर प्रशासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए जुलूस को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग करेंगे।




# शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के संयुक्त शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। नगर पंचायत के वार्ड संख्या 16 स्थित क्रांतिनगर में सोमवार को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के संयुक्त शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दैनिक पत्रकार डी. के. यादव के आवास पर संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता स्वयं डी. के. यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित लोगों ने देश की आजादी के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सामाजिक कार्यकर्ता संजय श्याम ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला पार्षद बालेश्वर प्रसाद यादव ने ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले का घोर निंदा किया और उसके खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। साम्राज्यवाद का नाश हो यह नारा को बुलंदी के साथ लगाने और लागू करने की जरूरत बताया। उत्तर कोयल नहर किसान संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक जयनंदन शर्मा ने कहा है देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए शहीदों के आदर्शों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की अपील की।



# नाइट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, मुस्लिमाबाद बनी विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हजरत सैयदना वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित 25वां नाइट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस भव्य आयोजन में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें भादासी, अरवल, चौरी, गांधीनगर, मुस्लिमाबाद, अली नगर, मिल्लत कॉलोनी, बरेलीचक सहित मेजबान हजरत सैयदना वेलफेयर सोसाइटी की सीनियर एवं जूनियर टीमों के साथ एल्कोरेश कमिटी अमझर शरीफ समेत अन्य टीमें शामिल रहीं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुस्लिमाबाद और चौरी के बीच खेला गया, जो दर्शकों के लिए रोमांचक क्षणों से भरा रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए चौरी की टीम 6 ओवर में महज 22 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुस्लिमाबाद टीम ने शानदार प्रदर्शन का परिचय देते हुए निर्धारित ओवर पूरे होने से पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया और खिताब अपने नाम कर लिया।

समापन समारोह में गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद एकलाख खान (आजाद समाज पार्टी कांशीराम), मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष पिंटू शर्मा तथा समाजसेवी मनीष शर्मा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने वाला बताया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में सैयद नौशाद, सैयद तबरेज, सैयद उरूज़, सैयद करीम का सराहनीय योगदान रहा। वहीं, सोसाइटी के अध्यक्ष सैयद आबिद कादरी एवं उपाध्यक्ष शादाब अली की सक्रिय भूमिका से आयोजन को नई ऊंचाइयां मिलीं।



# मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज, नौ बने नामजद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में मारपीट की घटना हुई।इस मामले में दोनों पक्षों ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। प्रथम पक्ष के सुजीत कुमार ने गांव के मीना देवी, अर्जुन यादव, संतोष कुमार, बिट्टू कुमार एवं दूसरे पक्ष के वीणा देवी ने तुलसी यादव, दिनेश यादव, पशुराम यादव, पिंटू यादव एवं कमलेश यादव को नामजद आरोपित बनाया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई है। प्राथमिक की दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# रफीगंज में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। शहीद-ए-आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के 96वें संयुक्त शहादत दिवस के अवसर पर प्रभात क्लब, करमा-करमी-तिवारी बिगहा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को चरवाहा विद्यालय खेल मैदान में खेला गया। फाइनल में नवादा ने नोखा को 3-1 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। मैच का टॉस नवादा की टीम ने जीता। रेफरी की भूमिका महेंद्र यादव ने निभाई, जबकि कमेंट्री संजय श्याम ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह ने की तथा संचालन भी संजय श्याम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, राजद प्रदेश महासचिव कौलेश्वर प्रसाद यादव, अरवल के पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रसाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि संजय यादव एवं राजद नेता सह जिला पार्षद शंकर यादवेंदु उपस्थित रहे। मुकाबले के पहले हाफ में नवादा ने 1-0 की बढ़त बनाई। मध्यांतर के तुरंत बाद नवादा ने लगातार दो गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। मैच के अंतिम चरण में नोखा ने एक गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन अंततः मुकाबला 3-1 पर समाप्त हुआ।

## 90.1 प्रतिशत अंक लाकर ब्यूटी ने पायी सफलता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड के इंटरमीडिएट नतीजों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जिले की बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। शहर के रजवारी गांव निवासी ब्यूटी राय ने 90.4 प्रतिशत यानि 452 अंक लाई है। इससे स्वजनों में खुशी का माहौल है। ब्यूटी टाउन इंटर कॉलेज की छात्रा है। अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर पिता कौशलेंद्र यादव (पत्रकार) फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने गर्व से कहा ब्यूटी ने न केवल हमारा, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। ब्यूटी ने मैट्रिक परीक्षा में भी 91.2 प्रतिशत लाई थी। बधाई देने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, पूर्व विधायक ऋषि कुमार सिंह, डॉ रमेश यादव, रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता सिंह, ई. सुबोध कुमार सिंह, राजद नेता रामेश्वर कुमार रोशन, प्रदेश महासचिव युसूफ आजाद अंसारी, राजा नेता सुनील कुमार यादव, उदय भारतीय सहित अन्य लोग शामिल है।

# वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद (बिहार)**। जनवादी लेखक संघ के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला इकाई औरंगाबाद के जिला सचिव, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' को साहित्य सेवा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिन्दी साहित्य सम्मेलन, गया द्वारा आयोजित 77वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अंगवस्त्र, मेमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दिया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान से जिले के साहित्यिक जगत में हर्ष का वातावरण है। विभिन्न साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने प्रो. अचल को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। पूर्व प्रखंड प्रमुख आरिफ़ रिजवी, साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी, इकबाल अख्तर 'दिल', एजाज दाउदनगरी, कामाख्या नारायण सिंह, श्रीनिवास मंडल, अंबुज कुमार, डॉ. राजेश कुमार 'विचारक', जितेन्द्र कुमार 'चंचल', मुमताज दानिश, गोपेन्द्र कुमार सिन्हा 'गौतम', समुन्दर सिंह, शमशाद आलम 'शमशाद', सनाउल्लाह रिजवी और सुधीर सत्यम सहित अनेक लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। साहित्यकारों ने कहा कि प्रो. अचल ने अपनी साहित्य साधना के माध्यम से विभिन्न विधाओं में अब तक 29 पुस्तकों की रचना की है, जो न केवल औरंगाबाद बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित करती हैं। वे न सिर्फ एक सृजनशील रचनाकार हैं, बल्कि युवा साहित्यकारों के लिए प्रेरणास्रोत भी बने हुए हैं। प्रो. अचल हिंदी और मगही दोनों भाषाओं में समान रूप से सक्रिय हैं। उनकी कई कृतियां स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के मगही पाठ्यक्रम में शामिल हैं, जो उनकी साहित्यिक प्रतिभा और योगदान का प्रमाण है।



# अलग-अलग अपराधों में 23 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 11 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती के मामले में 2, रंगदारी में 2, एसटी-एससी एक्ट में 2, हत्या के प्रयास में 1, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 3 तथा अन्य मामलों में 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वाहन जांच अभियान के तहत 989 वाहनों की जांच की गई जिसमें 12000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# पशु बांझपन निवारण जागरूकता शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के अहियापुर पंचायत अंतर्गत हैबसपुर गांव में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा 'सात निश्चय फेज-2' के तहत पशुपालकों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बेहतर पशु प्रबंधन को बढ़ावा देना और पशुओं में बांझपन की समस्या के प्रति किसानों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में पशुपालक किसानों को आधारभूत व्यवस्थाओं के साथ पशु बांझपन निवारण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। टीबीओ डॉ. आशुतोष कुमार एवं एमभीयू डॉ. अक्षय कुमार ने बताया कि गाय और भैंस जैसे दुधारू पशुओं के स्वास्थ्य के लिए मौसम के अनुसार संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से हरे चारे के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह पशुओं की प्रजनन क्षमता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेषज्ञों ने पशुपालकों को सलाह दी कि पशुओं के भोजन में प्रतिदिन नमक अवश्य शामिल करें, क्योंकि इसकी कमी से विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही, पशुओं में किसी भी प्रकार की असामान्यता या परेशानी दिखने पर तुरंत नजदीकी पशु अस्पताल से संपर्क करने की अपील की गई। जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. मोहित कुमार सिंह ने भी पशु बांझपन से संबंधित कई व्यावहारिक टिप्स साझा किए, जिससे किसानों को काफी लाभ मिला। शिविर में मनोहर सिंह, राधेश्याम सिंह, उमेश महतो, अनिल शर्मा, संजीत कुमार, छोटू विश्वकर्मा सहित दर्जनों पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पारावेट सुनील कुमार, ड्राइवर वरुण कुमार, मो. रिजवान एवं प्रेमचंद कुमार का सराहनीय योगदान रहा।




# रफीगंज के लिए 85 करोड़ की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज नगर पंचायत में पूर्व बजट सत्र 2026-2027 के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नगर पंचायत के प्रस्तावित बजट, विभिन्न विकास योजनाओं, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनकल्याण से संबंधित योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शहर के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। नगर पंचायत की चेयरमैन मिरिख दरखशा ने बताया कि रफीगंज के समग्र विकास के लिए लगभग 85 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस राशि के माध्यम से क्षेत्र में सड़कों, जल-निकासी, पेयजल, स्वच्छता और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की योजना है। वहीं, पूर्व चेयरमैन सह चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद ने कहा कि विकास कार्यों के लिए 85 करोड़ रुपये का लक्ष्य तो तय किया गया है, लेकिन अब तक एक भी रुपये की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही राशि की स्वीकृति मिलती है, नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से शुरू किया जाएगा, ताकि आम लोगों को इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके।



# जानपुर में स्वर्वेद अखंड पाठ व 11 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन(औरंगाबाद)**। प्रखंड के जानपुर गांव में विहंगम योग के तत्वावधान में स्वर्वेद अखंड पाठ एवं 11 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह-संयोजक डॉ. श्याम नारायण प्रसाद ने की, जबकि संचालन प्रखंड प्रभारी सुनील संगम और धर्मेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से किया। महायज्ञ का संचालन सद्गुरु सदाफल देव आप्त वैदिक गुरुकुलम के पुरोहित एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित आचार्य मयंक शास्त्री के नेतृत्व में संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाग्नि में आहुतियां देकर विश्व कल्याण, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर आचार्य मयंक शास्त्री ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है और यह केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, मानसिक एवं पर्यावरणीय शुद्धि का सशक्त माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए वेद और स्वर्वेद की ओर लौटना आवश्यक है। यज्ञ के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि का संचार होता है, साथ ही यह सामूहिक प्रेम और निस्वार्थ सेवा की भावना को भी मजबूत करता है।

# सड़क दुर्घटना में दो भाई घायल, दोनों रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज-शिवगंज पथ स्थित खड़वा मोड़ के पास आमने-सामने हुई बाइक टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान टकरा गांव निवासी सुजीत यादव के 25 वर्षीय पुत्र रविकांत कुमार एवं राधुनन्दन यादव के 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक शिवगंज की ओर से अपने गांव टकरा जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से रफीगंज की ओर आ रही एक बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को आनन-फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉ. महिमा सिंह द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायल रोहित कुमार ने बताया कि वे शिवगंज की तरफ से अपने गांव लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है।



# आज चैती छठ पर्व पर व्रती देंगे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के मौके पर आज मंगलवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। छठ व्रतियों ने सोमवार की शाम खरना का रस्म पूरा करने के बाद भगवान सूर्य की अराधना में लीन हो गए। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद निर्जला उपवास रख व्रती नदी, तालाब एवं कुओं पर स्नान कर भगवान सूर्य को शाम के समय में पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। बताया के देव में देश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचे हैं। देव सूर्यकुंड में दूसरे प्रदेश व जिलों से आएं श्रद्धालु सूर्यकुंड तालाब में पहुंचकर अर्घ्य अर्पित करेंगे। वहीं दूसरे दिन बुधवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती अपने घरों के लिए रवाना होंगे। व्रती बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद पारण करेंगे। श्रद्धालु देव सूर्य मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही आकर्षण रहेगी।

**छठ गीतों से घाट रहेगी गुलजार**

देव में छठ पूजा विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। वर्ष में दो बार कार्तिक और चैत मास में लाखों श्रद्धालु देश के कोने-कोने से भगवान को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। इसे भगवान की महिमा ही कहा जा सकता है। श्रद्धालुओं का जन सैलाब देव की प्रसिद्धि को दर्शाता है। व्रतियों व श्रद्धालुओं द्वारा गाए जाने वाले छठ गीत से घाट गुलजार रहे। इधर जिले के कुछ घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। जहां कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देंगे।

**छठ पर्व के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस**

छठ पर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया है। देव के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, नियंत्रण कक्ष, पाकग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की भी व्यवस्था की जा रही है। पेयजल के लिए चापाकलों की मरम्मत, 24 घंटे जलापूर्ति व आवश्यकता पड़ने पर टैंकर की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अग्निशमन वाहनों की तैनाती, सूर्यकुंड के पास लाइफ जैकेट एवं गोताखोर व आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ टीम तैनाती रहेगी। वहीं श्रद्धालुओं को पानी पीने के लिए 20 से 25 टैंकर की व्यवस्था की गई। कुम्हार बिगहा, महाराणा प्रताप, सूर्यकुंड तालाब के पूरब की ओर, पातालगंगा सहित कई जगहों पर पाकग की व्यवस्था की गई है। पूरे सूर्यकुंड तालाब की आकर्षक तरीके से लाइटिग की गई है। सूर्य मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। लाइंटिंग के साथ-साथ फूलों से भी मंदिर के मुख्य द्वार एवं परिसर को आकर्षक रूप तरीके से सजाया गया है। बता दें कि छठ महापर्व के दौरान देव सूर्य मंदिर एवं सूर्यकुंड में लाखों श्रद्धालु और व्रती अघ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन के द्वारा श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां टेंट, पंडाल, लाइटिग, जेनरेटर सहित की समुचित व्यवस्था विभिन्न संस्थानों एवं बैंकों के सहयोग से की जाएगी। कई स्थानों पर ड्रॉप गेट व आवश्यक स्थलों पर बैरिकेटिग की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सुविधा हेतु अस्थायी चिकित्सा शिविर, सात एंबुलेंस, स्ट्रेचर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनाती की गई है।

# स्थानांतरण पर चार न्यायाधीशों को दी गई विदाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के चार न्यायाधीशों को स्थानांतरण पर विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने जिला जज सप्तम निशित दयाल, एसडीजेएम निधि जायसवाल, मुसंफ शौभित सौरव एवं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांकर शुक्ला को विदाई दी गई। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने चारों न्यायाधीश की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान न्यायिक प्रक्रिया में सुधार और सहयोग की भावना थी। कार्यकाल के दौरान अपेक्षित सहयोग मिला। इस दौरान उपाध्यक्ष क्षितिज रंजन, वरिष्ठ सदस्य अकमल हसन, संयुक्त सचिव सियाराम पांडेय, सहायक सचिव सतीश कुमार स्नेही, पुस्तकालय अध्यक्ष चंद्रकांता कुमारी, वरीय अधिवक्ता वीरेन्द्र दुबें सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज आएंगे डिहरी

## 480.09 करोड़ की 308 योजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्धि यात्रा के तहत मंगलवार को डिहरी ऑन-सोन आगमन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला प्रशासन ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का पूर्वाभ्यास कर लिया, ताकि पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर पूरे शहर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनके आगमन मार्ग को जिला प्रशासन एवं एनडीए कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टर और बैनरों से सजा दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर में बिसैप-2 मैदान में बने हेलिपैड पर उतरेंगे जहां डीएम और एसपी सहित एनडीए के नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वे ऐनीकट बराज स्थित इंटेक वेल पंप हाउस तथा बस्तीपुर में 206 एमएलडी क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण करेंगे।



निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री पुलिस लाइन स्टेडियम पहुंचेंगे जहां वे कुल 308 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इनमें 179 योजनाओं का उद्घाटन 158.59 करोड़ रुपये की लागत से तथा 129 योजनाओं का शिलान्यास 321.5 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। कुल मिलाकर 480.09 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात जिले को मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आमसभा को भी संबोधित करेंगे। जिलाधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रशासन, पुलिस और जल संसाधन विभाग के अधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। एसपी ने बताया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद कर दी गई है। वहीं मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री शहर की कई महत्वपूर्ण योजनाओं की भी आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की गई है।

## दो ई-रिक्शा की टक्कर में बच्चे की दर्दनाक मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** चकबंदी रोड मोड़ के निकट सोमवार को दो ई-रिक्शा के बीच भीषण टक्कर में एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के महरो गांव निवासी नेबूलाल सिंह के एक माह के पुत्र पवन कुमार के रूप में हुई है। हादसे में बच्चे की मां शीला कुमारी भी गंभीर रूप से घायल हो गईं जिनका सदर अस्पताल भभुआ में इलाज चल रहा है। परिजनों के अनुसार बच्चे की मां शीला कुमारी अपने मायके कुंज गांव भभुआ थाना क्षेत्र से बच्चे को गोद में लेकर ई-रिक्शा से सदर अस्पताल आ रही थीं। चकबंदी रोड मोड़ पर पीछे से आ रहे दूसरे ई-रिक्शा चालक ने ओवरटेक करते हुए साइड लेने की कोशिश की जिस दौरान जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मां बेटे सड़क पर जा गिरे। बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई जबकि मां को चोटें आईं।

# रतन कुमार ने बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा में हासिल किया तीसरा स्थान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत कोआथ का छात्र रतन कुमार ने बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में 458 अंक प्राप्त कर जिला में विज्ञान संकाय में तीसरा अंक प्राप्त किया। रिजल्ट देखने के बाद रतन ने सबसे पहले अपने पिता को फोन लगाया। फोन लगते ही उन्होंने जैसे ही अपनी सफलता की बात बताई उनकी आवाज भर्रा गई और वह भावुक होकर रोने लगे। फोन के उस पार पिता वीरेन्द्र चौधरी भी बेटे की मेहनत सफल होने की खबर सुनकर भावुक हो गए। यह पल पूरे परिवार के लिए बेहद खास बन गया। रतन बताता है कि इंटर की तैयारी के दौरान उन्होंने काफी मेहनत की। कई बार पढ़ाई का दबाव भी महसूस हुआ,



लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य से ध्यान नहीं हटाया। किसी भी कोचिंग संस्थान का सहायता नहीं लिया, ऑनलाइन ही पढ़ाई किया। रतन, जग नारायण प्लस टू विद्यालय कोआथ का छात्र है। इसके पिता वीरेन्द्र चौधरी प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं जबकि माता रीना देवी ब्यूटीशियन का कार्य करती हैं। रतन का भविष्य में एन डी ए की तैयारी कर देश सेवा कार्य करने का लक्ष्य है। परिवार के लोग और पड़ोसी रतन को बधाई देने पहुंच रहे हैं। माता-पिता को अपनी बेटे की इस सफलता पर गर्व है। सभी लोग उसकी लगन और मेहनत की सराहना कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, समाजसेवी अनुज चौधरी, समीर आलम, डॉ गोपाल प्रसाद, महेंद्र चौधरी सहित कई लोगों ने रतन को बधाई दी है।

# एनीकट डिहरी झारखंडी मंदिर होगा गुलजार, खारा पानी की समस्या से मिलेगी राहत

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी के ऐनीकट स्थित झारखंडी मंदिर परिसर में जल्द ही रौनक बढ़ने वाली है। साथ ही डिहरी और सासाराम क्षेत्र के लोगों को खारे पानी की समस्या से भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का निरीक्षण करने रोहतास पहुंचने वाले हैं। जदयू के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले के लोगों और जदयू कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भारतीय राजनीति



का 'चाणक्य' बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शोषित एवं पीड़ित वर्गों को न्याय के साथ विकास का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह वाटर ट्रीटमेंट प्लांट डिहरी और सासाराम के उन इलाकों के लिए वरदान साबित होगा जहां लंबे समय से खारे पानी की समस्या बनी हुई है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। बैरिस्टर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन पर जदयू के साथ-साथ एनडीए के सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह एक सरकारी कार्यक्रम है, लेकिन फिर भी सभी दलों के नेता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर कोई सवाल नहीं है। वे आज भी पूरी तरह सक्रिय और ऊर्जावान हैं तथा राज्य के विकास के लिए अभी बहुत काम करना बाकी है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती स्टेशन के समीप सोमवार को एक 20 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनियां थाना क्षेत्र के बरकत नगर (वार्ड संख्या 11) निवासी अलूसेन फारूकी के पुत्र राजू फारूकी के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार राजू फारूकी रविवार को मुगलसराय स्थित अपनी बहन के घर गया था। सोमवार सुबह वह ट्रेन से अपने घर मोहनियां लौट रहा था। इसी दौरान दुर्गावती स्टेशन से पूरब दिशा में वह अचानक अनियंत्रित होकर ट्रेन से नीचे गिर गया। ट्रेन की गति तेज होने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

# खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरु

## प्रसिद्ध मंदिरों एवं घाटों पर व्रतियों ने किया स्नान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल भर में विभिन्न प्रखंडों में पुरुष महिला एक साथ शुरू किया छठ महापर्व। अनुमंडल मुख्यालय के काव नदी तट पर काशी घाट के साथ ही काराकाट के गोडारी प्रसिद्ध देव मारकंडेय, संझौली के प्राचीन सरोवर, दावथ सूर्यमठ, सूर्यपुरा का बड़ा तालाब एवं दिनारा तालाब सहित नगर पंचायत कोआथ योगिनी शिव मंदिर के अलावा छठ महापर्व का प्रारंभ विभिन्न छठ घाटों पर ग्रामीणों के द्वारा खरना व्रत के साथ शुरू हो चुका है। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा की शुरुआत रविवार को नहाय-खाय के साथ हो गई। आज, 23 मार्च 2026 को खरना के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला



उपवास शुरू हो गया है। व्रती महिलाएं आज शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी और कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी। खरना के दिन व्रती महिलाएं मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर और गेहूं की रोटी बनाकर छठी मैया को भोग लगाती हैं। इसके बाद वे 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करती हैं। इस दौरान वे पानी भी नहीं पीती हैं। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती महिलाएं अपने परिवार और परिचितों में बांटती हैं। चैती छठ पूजा का महत्व बहुत अधिक है। यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया की पूजा के लिए मनाया जाता है। व्रती महिलाएं इस पर्व पर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना करती हैं। छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाएं अपने मन, वचन और कर्म की पवित्रता बनाए रखती हैं। विद्वत समाज के द्वारा बताया गया कि 22 मार्च 2026 (रविवार)-खरनाः 23 मार्च 2026 (सोमवार) के साथ शुरू इस पर्व में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य 24 मार्च 2026 (मंगलवार) को, उगते सूर्य को अर्घ्य 25 मार्च 2026 (बुधवार) को दिया जाएगा। छठ पूजा के दौरान वधानी और शुद्धता का पूरा ध्यान रखा जाता है। व्रती महिलाएं अपने घरों में शुद्ध तरीके से प्रसाद बनाती हैं और छठी मैया को भोग लगाती हैं। छठ पूजा के दौरान व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ मिलकर पूजा करती हैं और छठी मैया की गीत गाती हैं। इस प्रकार पूरे परिवार एवं संबंधियों के साथ एक समूह के रूप में यह पर्व मनाया जाता है।

# शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प, बंदी अधिकारों को लेकर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** श्री श्री रामकृष्ण आश्रम, डिहरी में बंदी अधिकार आंदोलन के बैनर तले शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर एक विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना गुप्ता ने की। कार्यक्रम के संयोजक संतोष उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले इन महान क्रांतिकारियों का जीवन आज भी संघर्ष, साहस और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह द्वारा अन्याय, शोषण और असमानता के विरुद्ध रखी गई वैचारिक क्रांति आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रही है। मुख्य वक्ता के रूप में इरफान अहमद फातमी, सुरेंद्र तिवारी, नागेंद्र यादव, संजय पासवान, विनोद कुमार, जितेंद्र कुमार, यश उपाध्याय, संतोष सिंह, चंद्रिका राम एवं अधिवक्ता उमाशंकर पांडे उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अपनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने विशेष रूप से स्थानीय जेलों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रोहतास सहित बिहार की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को समय पर न्याय, पर्याप्त कानूनी सहायता और मानवीय जीवन-स्थितियां नहीं मिल पा रही हैं। वर्षों तक ट्रायल के इंतजार में बंदियों का जेल में रहना न्याय व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जेलों में भीड़भाड़, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और कानूनी सहायता का अभाव बंदी अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि बंदी अधिकार केवल कानूनी नहीं, बल्कि एक मूल मानवाधिकार का प्रश्न है।

## पुलिसकर्मी पर कुकिंग गैस सिलेंडर की चोरी, धमकी देने की प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डालमियानगर।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित एलपीजी के वितरक उदय शंकर ने पुलिसकर्मी अरुण कुमार सिंह पर अधिकार का दुरुपयोग करने, आपराधिक धमकी, गाली गलौज एवं एलपीजी सिलेंडर के चोरी के संबंध में नगर थाने में प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि गत 21 मार्च को अरुण कुमार सिंह कार्यालय में आये और गोदाम से एलपीजी सिलेंडर देने की मांग की। उन्हें बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार सिलेंडर सीधे गोदाम से नहीं दिया जा सकता तथा इसे बुकिंग के अनुसार उपभोक्ता के घर पर ही डिलीवरी किया जाता है। नियमों की जानकारी दिए जाने पर वे आक्रामक हो गए। स्टाफ के साथ अश्वनीय भाषा में गाली देने लगे। उन्हें यह भी बताया गया कि हाल के सरकारी दिशा निर्देश के अनुसार पिछले डिलीवरी के काम से कम 25 दिन बाद ही रिफिल सिलेंडर दिया जा सकता है तथा पहले बुकिंग करना आवश्यक है जिसे वे और अधिक उत्तेजित हो गए। वे उसी दिन शाम को तार बंगला क्षेत्र में सिलेंडर वितरित करने गए डिलीवरी वेंडर के वाहन को रोककर जबरन एक एलपीजी सिलेंडर छीन लिया। धमकी दी कि एजेंसी को सील करवा देंगे जब वेंडर ने सरकार द्वारा निर्धारित 1013 रुपए कीमत मांगी तो अभियुक्त ने भुगतान करने से इनकार कर दिया। कहा कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती जब वेंडर ने भुगतान पर जोर दिया तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी जिससे भय और आतंक का माहौल उत्पन्न हो गया।

# युवती के पेट से 10 किलो का ट्यूमर निकाला, जटिल सर्जरी से बढ़ा भरोसा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** तार बंगला स्थित अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में एक जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए 18 वर्षीय युवती के पेट से करीब 10 किलो का ओवेरियन ट्यूमर निकाला गया। इस सफल ऑपरेशन के बाद मरीज और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली और चिकित्सकों के प्रति आभार जताया। जानकारी के अनुसार सासाराम के मोकर की रहने वाली ऋतु कुमारी (18 वर्ष) पिछले एक वर्ष से पेट दर्द की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। परिजनों द्वारा कई स्थानों पर इलाज कराने के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा था। इस दौरान कुछ चिकित्सकों ने कैंसर की आशंका भी जताई जिससे परिवार काफी चिंतित हो गया। इलाज के सिलसिले में वे पटना एम्स भी गईं जहां ऑपरेशन के लिए समय दिया गया था।



इसी बीच किसी के सुझाव पर परिजन अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचे और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. निशा से संपर्क किया। डॉ. निशा ने मरीज की स्थिति का आकलन करते हुए संभावित जोखिमों की पूरी जानकारी परिजनों को दी। इसके बावजूद परिजनों ने भरोसा जताते हुए इलाज की जिम्मेदारी डॉक्टर को सौंप दी। डॉ. एस. निशा ने देर रात जटिल सर्जरी कर मरीज के पेट से करीब 10 किलो का ओवेरियन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया। ट्यूमर को जांच के लिए भेजा गया है जिससे उसकी प्रकृति का पता चल सकेगा। सफल ऑपरेशन के बाद डॉ. निशा ने कहा कि इस तरह की जटिल सर्जरी से मरीज को राहत मिलना चिकित्सक के लिए गर्व की बात होती है और इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है। वहीं अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि इस सफल सर्जरी ने अस्पताल के सम्मान को और बढ़ाया है तथा आने वाले समय में यह एक नई मिसाल बनेगी। फिलहाल मरीज की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

**शपथ-पत्र**

मैं कुमार अभय वर्मा उम्र 48 वर्ष पिता स्व. बिलास महतो निवासी ग्राम-सेवईचक, पोस्ट-अमारुत, थाना-डोभी, जिला-गया जी बिहार का स्थायी निवासी हूं शपथपूर्वक निम्नांकित बातों की घोषणा करता हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं तथा मेरा आधार नं.-5101 1901 8990 है।
मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। पम्मी कुमारी (Pammi Kumari) उर्फ पल्लवी कुमारी दांगी (Pallavi Kumari Dangi) मेरी पुत्री है।
मेरी पुत्री के मैट्रिक के मार्कसीट एवं सर्टीफिकेट में मेरी पुत्री का नाम पम्मी कुमारी (Pammi Kumari) एवं जन्म तिथि 15/08/2008 दर्ज है जो बिल्कुल सही वो सत्य है जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड नं.-2520 8292 5851 में मेरी पुत्री का नाम पल्लवी कुमारी दांगी (Pallavi Kumari Dangi) एवं जन्म तिथि 01/12/2008 दर्ज है जो गलत एवं असत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका सही नाम पम्मी कुमारी (Pammi Kumari) एवं सही जन्म तिथि 15/08/2008 दर्ज करने के लिए गजट प्रकाशन हेतु मैं यह शपथ-पत्र कर रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथकर्ता
कुमार अभय वर्मा

# प्राचार्य के निधन पर शोक सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास जिले के सभी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में जगजीवन छेदी राम उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुरामपुर के प्राचार्य स्वर्गीय अनिल कुमार सिंह की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला सचिव सतीश कुमार पाण्डेय ने प्राचार्य अनिल कुमार सिंह के असामयिक स्वर्ग सिधार जाने को न केवल शिक्षा जगत अपितु समाज की अपूर्णिय क्षति बताया है। रोहतास जिले के चौक-चौराहों से लेकर ग्रामीण इलाकों में भी इस घटना से लोग काफी मर्माहत दिखे। आम लोगों में स्वर्गीय प्राचार्य की व्यवहार कुशलता, ईमानदारी और सहयोगशीलता की चर्चा का माहौल बना है।

# शादीशुदा महिला प्रेमी संग फरार, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र से है जहां पर एक शादीशुदा महिला एक छोटे बच्चे के साथ अपने प्रेमी के संग कपड़ा गहना और पैसा लेकर फरार हो गई जिसकी लिखित सूचना पति ने स्थानीय थाने में दी। थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदी निवासी बृज किशोर कुमार सिंह ने लिखित आवेदन में बताया कि साल 2024 में अनुपमा देवी गांव गोसलडीह थाना सूर्यपुरा, रोहतास की रहने वाली से शादी हुई थी। शादी के बाद मेरे दो पुत्र और एक पुत्री भी है। मेरे पीठ पीछे मेरी पत्नी मोबाइल पर बात करती थी। इसी बीच 18 अप्रैल को मैं घर पर नहीं था इसी का फायदा उठाते हुए मेरी सबसे छोटी बच्ची को लेकर रुपए गहने और कपड़ों के साथ भाग गई। कुछ दिन खोजबीन करने के बाद पत्नी नहीं मिली फिर पता चला कि वह प्रवीण कुमार ग्राम करमा, थाना-धनसोई जिला-बक्सर के रहने वाले के साथ भाग गई है। इस मामले में लिखित आवेदन देकर उन्होंने थाना अध्यक्ष से कार्रवाई कर की मांग की है। इस मामले में आज अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का राहुल सिंह ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** सोमवार को बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के जमोढी पंचायत के धावां में डीसीसी के नेतृत्व में एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जिसका उदघाटन बिक्रमगंज अंजबित सिंह महाविद्यालय के भूमिदाता स्वर्गीय नेपाल सिंह के प्रपौत्र राहुल सिंह ने खिलाड़ियों के बीच ग्रीनपार्क स्टेडियम में फीता काट किया। टीम टूर्नामेंट में रोहतास जिले क्षेत्र के विभिन्न शहरों से भाग ले रहे 16 टीमों के खिलाड़ियों सहित सैकड़ों लोगों ने मुख्य अतिथि राहुल सिंह का अंगवस्त्र भेंट कर तालियों के साथ स्वागत



किया जहां उन्होंने सभी टीमों के खिलाड़ियों परिचय करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अवसर पर भावी जिला पार्षद प्रत्याशी राहुल सिंह ने खेल ग्राउंड में बैट से गेंद पर शॉट लगा पहले मैच का शुभारंभ किया। आयोजनकर्ता उपेंद्र कुमार व सागर कुमार ने बताया कि आयोजित नॉट आउट क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में जिला क्षेत्र से सभी 16 टीमों में धनगाई, करथ, नोवाअ, दुर्गाडीह, अमियावर, गोडारी, ताराचंडी सहित अन्य टीमें है जिसका पहला मैच रविवार को बेलईया बनाम गोटपा के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के सभी मैच नॉक आउट के तौर 6 ओवर के होंगे जिसका फाइनल मैच 25 मार्च को खेला जायेगा। मौके पर घनश्याम सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, अनुराग सिंह, राजेश सिंह, उज्ज्वल सिंह, संदीप कुमार, उमेश सिंह, दीपक सिंह, बलिराम सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**शपथ-पत्र**

मैं सुमनती कुमारी पिता विनोद कुमार ग्राम-सिहुली खैरा पो.- खैरा थाना-रफीगंज जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सुमनती कुमारी (SUMANTI KUMARI) है जबकि मेरा बैंक खाता में सुमन कुमारी (SUMAN KUMARI) है। सुमनती कुमारी एवं सुमन कुमारी दोनों मेरा ही नाम है इस नाम से हमारे गांव/ मुहल्ला में दूसरा कोई व्यक्ति नहीं है।
बैंक खाता में SUMANTI KUMARI सुधार करवाने हेतु शपथ कर रही हूं।
मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 6476 दिनांक 7.3.26

शपथकर्ता
सुमनती कुमारी

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**उत्तर कोयल नहर प्रमंडल**
**मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद**
Email ID:-eenkcdmadanpur@gmail.com

**भाड़े पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या (NIQ)-01/2025-26**

कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद द्वारा परिक्षेत्राधीन नहरों के संचालन, नहरों के निरीक्षण एवं अन्य कार्यालय संबंधी कार्यो हेतु भाड़े पर वाहन (बोलेरो/स्कार्पियों) के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन इच्छुक वाहन मालिक/फर्म से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। जिसे मोहर बंद लिफाफे में दिनांक–30.03.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद कार्यालय में जमा किया जाएगा और दिनांक–30.03.2026 को 3:30 बजे अपराह्न में खोला जाएगा। कोटेशनदाता या उनके प्राधिकृत कोटेशन खुलने के समय उपस्थित रहेगें।

| क्र0 सं0 | वहन उपयोग करने वाले पदाधिकारी का पदनाम | गाड़ी परिचालन का कार्यान्वित अवधि | गाड़ी की संख्या | दर (प्रतिमाह) चालक सहित | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कार्यपालक अभियंता | एकरारनामा कि तिथि 31.03.2027 तक | 01 | औरंगाबाद समाहरणालय द्वारा अनुसूचित दर के बराबर रू0 27500.00 प्रतिमाह | |
| 02 | अवर प्रमंडल पदाधिकारी | एकरारनामा कि तिथि 31.03.2027 तक | 02 | औरंगाबाद समाहरणालय द्वारा अनुसूचित दर के बराबर रू0 17400.00 प्रतिमाह | |

1. कोटेशन आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक– 19.03.2026
2. कोटेशन जमा करने की अवधि : दिनांक– 30.03.2026 को 3:00 बजे अपराह्न।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 30.03.2026 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर, शिविर– औरंगाबाद।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

(ई0 पंकज कुमार)
कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, मदनपुर
शिविर– औरंगाबाद।

PR- 027001 (WRD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर संयुक्त आदेश जारी

## शहर में कार्यक्रम स्थल के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** सूबे के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्धि यात्रा को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम अगामी 25 मार्च को आरा में आयोजित होना है। मुख्यमंत्री के आगमन व कार्यक्रम के सफल आयोजन, विधि-व्यवस्था के संधारण, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु संयुक्त आदेश निर्गत किया गया है।

**यातायात नियंत्रण एवं डायवर्जन व्यवस्था**

आरा-मोहनिया/जीरो माइल मार्ग पर सामान्य वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करते हुए इस मार्ग पर यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। संदेश एवं उदवंतनगर की दिशा से आने वाले वाहनों को तेतरिया मोड़ से अनाईठ रोड के माध्यम से निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर भेजा जाएगा। जगदीशपुर की ओर से आने वाले वाहन एनएच-922 होते हुए बामपाली एवं चन्दवा मोड़ के रास्ते नगर में प्रवेश करेंगे। पटना/कोइलवर की दिशा से आने वाले वाहनों को कायमनगर-धरहरा मार्ग से डायवर्ट कर बामपाली-चन्दवा मोड़ से प्रवेश कराया जाएगा। ओल्ड कोइलवर ब्रिज से आने वाले वाहन चांदी चौक, जमीरा, शीशमहल चौक एवं गोपाली चौक के रास्ते वैकल्पिक मार्ग से संचालित होंगे।

**पार्किंग व्यवस्था**

नगर क्षेत्र एवं बक्सर की ओर से आने वाले वाहनों हेतु मिशन स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल को पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। संदेश एवं उदवंतनगर की ओर से आने वाले वाहनों हेतु अनाईठ मोड़ पार्किंग स्थल निर्धारित किया गया है। सभी वाहन पार्किंग स्थल पर खड़े करने के उपरांत कार्यक्रम स्थल तक पैदल आवागमन करेंगे।

**विशेष प्रतिबंध एवं निर्देश**

25 मार्च 2026 को पूर्वाहन 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक विद्यालय बसों का परिचालन सीमित रखा जाएगा। 24 मार्च 2026 से अगले आदेश तक आरा नगर क्षेत्र में खनन संबंधी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम स्थल के समीप केवल अधिकृत (वीआईपी/आवश्यक सेवाएं) वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। आपातकालीन सेवाएं (एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि) के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा नहीं होने दी जाएगी।

**दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति**

यातायात नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निम्नलिखित प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। कायमनगर-धरहरा-बिहारी मिल, बामपाली-चनवा मोड़, बाजार समिति परिसर, जिरो माइल, तेतरिया मोड़ मिशन स्कूल एवं सेंट जेवियर्स स्कूल (पार्किंग स्थल), जैन कॉलेज (दोनों गेट), गोपाली चौक, शीशमहल चौक आदि। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

**आमजन से प्रशासन ने की अपील**

सभी नागरिकों से अनुरोध है कि निर्धारित यातायात नियमों एवं वैकल्पिक मार्गों का पालन करें तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।वही उपरोक्त आदेश का अनुपालन सभी संबंधित पदाधिकारी सख्ती से सुनिश्चित करेंगे।

# डकैती मामले में चार अभियुक्तों के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** कोइलवर थाना क्षेत्र में जनवरी माह में गैस एजेंसी से डकैती के मामले में कानूनी कार्रवाई तेज हो गयी है। इस मामले में पुलिस की ओर से फरार चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गयी है। उसके तहत सोमवार को चार अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गयी। न्यायालय का आदेश मिलने के बाद थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र के नेतृत्व में पुलिस द्वारा अभियुक्तों के घरों में इश्तेहार चिपकाया गया। अभियुक्तों में कोईलवर वार्ड नंबर दो निवासी लाल बाबू राय के पुत्र अरविंद कुमार, वार्ड नंबर-13 सुरौंधा कॉलोनी निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र साहिल कुमार, सुरौंधा कॉलोनी के ही पियर राम के पुत्र गोलू कुमार और उसी थाना क्षेत्र के हरंगी टोला निवासी सुदामा राय के पुत्र अमित कुमार उर्फ रोहित उर्फ मांझिया शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इश्तेहार चिपकाने के बाद भी समर्पण नहीं किये जाने पर इन सभी के खिलाफ कुर्की की जायेगी। इस मामले में पूर्व में पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज जा चुका है। इधर, न्यायालय की ओर से एक अभियुक्त की गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। पुलिस के अनुसार 19 जनवरी की शाम कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर हरंगी बांध के समीप बबुरा स्थित गैस एजेंसी के मुंशी चंद्रकांत सिंह से हथियार के बल पर करीब 55 हजार रुपए की डकैती की गयी थी। विरोध करने पर अपराधियों द्वारा फायरिंग भी की गयी थी। गोली मुंशी के सिर को छुते हुए निकल गयी थी, जिससे वे जख्मी हो गए थे। घटना के समय मुंशी कलेक्शन के पैसे लेकर गैस एजेंसी के ही पिकअप चालक के साथ गोदाम से घर लौट रहे थे। उस मामले में जख्मी दौलतपुर गांव निवासी मुंशी चंद्रकांत सिंह के बयान पर बाइक सवार करीब आधा दर्जन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उस आधार पर पूर्व में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। चार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार नहीं होने की स्थिति में इश्तेहार की कार्रवाई की गयी है।

## एक नजर

### तीन शवों का कराया गया अंतिम संस्कार

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के करमन टोला रोड स्थित लावारिस सेवा केंद्र द्वारा रविवार को तीन अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार गांगी नदी स्थित मुक्तिधाम पर कराया गया। इसमें एक शव नवादा थाना, दूसरा शव पीरो थाना तथा तीसरा शव उदवंतनगर थाना से प्राप्त हुआ था। सभी शव पुरुष का था। पोस्टमार्टम के बाद शवों को 72 घंटे तक पहचान के लिए रखा गया था। पहचान नहीं होने के बाद शवों को पुलिस द्वारा अंतिम संस्कार हेतु लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया। तत्पश्चात लावारिस सेवा केंद्र ने रविवार को तीनों शवों का अंतिम संस्कार कराया। अंतिम संस्कार में भाग लेने वाले में सेवा केंद्र के सदस्य, पदाधिकारी के साथ-साथ शव को ले जाने वाले लोग शामिल थे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन

**कोइलवर (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के कोइलवर में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक अहम पहल करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। गया क्षेत्र के अंतर्गत यह बैंक की 64वीं शाखा है, जबकि भोजपुर जिले में यह 9वीं शाखा के रूप में शुरू हुई है। नई शाखा का उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं पटना अंचल प्रमुख संजय कुमार स्वाईं, गया क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख संजय कुमार तिवारी तथा उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि कोइलवर में नई शाखा खुलने से क्षेत्र के आम लोगों, व्यापारियों एवं किसानों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। उद्घाटन समारोह में शाखा प्रबंधक धर्मवीर कुमार सहित बैंक के अन्य अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नई शाखा के खुलने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिकरहटा थाना पुलिस द्वारा हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मोपती बाजार से की। गिरफ्तार आरोपी सिकरहटा थाना क्षेत्र के देव गांव निवासी कृष्णा सिंह का पुत्र वकील सिंह है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि बीते वर्ष 13 जनवरी की शाम वकील सिंह के दोस्त स्कॉर्पियो लेकर उसके दरवाजे आए थे और उन्हें अपने साथ ले गए थे। इसके बाद उन्हें उसी रात में वापस घर छोड़ दिया था। तभी उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतका की पत्नी सुनीता देवी द्वारा वकील सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ जहरीला पदार्थ खिलाकर अपने पति को करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी समय उक्त आरोपी की फरार चल रहा था।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केंद्र सरकार की नीतियों एवं रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने चरणबद्ध आंदोलन तेज कर दिया है। इसी कड़ी में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के बैनर तले मंगलवार को जिला समाहरणालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन का समय दोपहर 12:30 बजे निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पार्टी नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ यह आंदोलन जनता की आवाज को बुलंद करने का माध्यम बनेगा।

### सालपुर की टीम विजयी

**धोरैया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के महादेव स्टेडियम शिवपुरी पैर में मां दुर्गा क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार को सालपुर एवं बाराहाट की टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बाराहाट की टीम को 5 विकेट से पराजित कर सालपुर की टीम विजयी रही। इससे पहले टॉस जीतकर सालपुर की टीम ने फील्डिंग करने का निर्णय लिया। तत्पश्चात बाराहाट की टीम ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 172 रन बनाए। जवाब में खेलते हुए सालपुर टीम के खिलाड़ी ने चार विकेट खोकर अपनी जीत दर्ज करा ली सालपुर टीम के राजा सिंह को मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। विजेता टीम को बतौर मुख्य अतिथि एडवोकेट पटना हाई कोर्ट राजीव एवं कमेटी अध्यक्ष पारस सिंह तथा उपविजेता टीम के बीच पोस्टमैन राजू सिंह, अनुज सिंह जितेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य रवि सिंह, प्रीतम सिंह, नवीन सिंह, नवीन मंडल आदि कमेटी सदस्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### कार की टक्कर से ऑटो गड्ढे में पलटी

**धोरैया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धोरैया-नवादा मुख्य मार्ग पर आजाद उच्च विद्यालय के समीप सोमवार को एक अनियंत्रित कार ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिससे उसमें सवार एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में सफल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धोरैया लाया गया। घायलों की पहचान सठियारी गांव निवासी बीरबल सिंह (35), पंचलाल सिंह (45), ज्ञानी देवी (50), पिंकी देवी (45), राखी कुमारी (25) और 6 वर्षीय बालक देवा के रूप में हुई है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद 6 वर्षीय देवा की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज (भागलपुर) रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि पूरा परिवार गंगा स्नान कर घर लौट रहा था, तभी यह हादसा हुआ।

### बीडीओ ने की योजनाओं की समीक्षा

**धोरैया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और लेखपाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान बीडीओ ने षष्ठम एवं 15वीं वित्त आयोग से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी उपयुक्त योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए अविलंब उनका 'आंगणन' तैयार करें, ताकि विकास कार्यों का क्रियान्वयन समय पर सुनिश्चित हो सके। वहीं बीडीओ ने बताया कि विवाह मंडप का निर्माण सरकार की प्राथमिकता सूची में है। उन्होंने पंचायत सचिवों को राजस्व कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर जमीन संबंधी दस्तावेज जल्द तैयार करने को कहा। बताया गया कि घसिया, पैर और चांदडीह समेत 5 पंचायतों के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं, शेष पंचायतों को भी जल्द प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया गया है। पंचायत सचिव अपने कार्यपालक सहायकों से साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट लेंगे ताकि जनता के कार्यों की जमीनी स्तर पर समीक्षा हो सके। बढ़ती गर्मी को देखते हुए चापाकल और नल-जल योजनाओं की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है, ताकि तकनीकी कमियों को दूर किया जा सके। पंचायतों में तैनात स्वच्छता कर्मियों के कार्यों का अधिकारियों को स्वयं स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया।

# आजाद भारत के महान विभूतियों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण प्रतिमा स्थल पर जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष। डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिवीर, शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरू की 95 वीं शहादत दिवस सह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व सांसद, समाजवादी चिंतक सह सप्त क्रांति के नायक डॉ राम मनोहर लोहिया 116 वीं जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि। समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष, प्रोफ़ेसर नवीन आर्या, अत्यंत पिछड़ा आयोग, बिहार सरकार ने सर्वप्रथम आरा सदर अस्पताल परिसर गांधी धाम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महान विभूतियों को याद कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाजवादी चिंतक आचार्य नरेंद्र देव को भी याद किया, साथ में आए अतिथियों को उनके आदर्शों पर चलने के प्रति संकल्प लेने की बात दोहराई। जदयू नेता नरेंद्र चंद्रवंशी और धनेश पटेल, झूलन गौड़, प्रयाग जी, अजित सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास पुरुष की विकास मॉडल की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया और राजनीतिक, सामाजिक न्याय की बात कहते हुए जन नायक कर्पूरी ठाकुर और डॉ राम मनोहर लोहिया की आदम कद प्रतिमा की निर्माण जिला मुख्यालय में स्थापित करने की मांग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार सरकार से करने की प्रस्ताव पारित किया। अंत में डॉ राजेंद्र प्रसाद ने आए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। प्रमुख साथी निर्मल सक्रवार, हीरालाल गुप्ता, शत्रुघ्न चौधरी, भीम पटेल, शिव शंकर राम, अवधेश राम, बिंदेश्वरी बैठा, उमेश कुशवाहा, अशोक ठाकुर, सहज कुमार, चंद्रमा चंद्रवंशी, रंगीला बैठा, अनिल यादव, लड्डू रजक, उमा शंकर शाह, डॉ रियाज, सुशीला देवी, रबी पंडित, कौशल किशोर, सुरेश राय, प्रो हरेंद्र यादव, देव मोहर यादव, भोला शंकर पाल, सिद्धेश्वर पाल, उमेश सिंह, वंश लायक शर्मा, अक्षयवर, माया शंकर, अजित चंद्रवंशी, आप सभी सकारात्मक सोच के भूले तबिसरे सर्वदलीय सम्मानित समाजसेवी साथी को समारोह में बुद्धिजीवी, साहित्यकार, इतिहासकार, नाटककार, संबोधित करने पर खुशी जताई, भोला शंकर पाल, डॉ रियाज जी, माया शंकर चंद्रवंशी, अजित जी प्रमुख साथी ने भाग लिया।

# इंटर में शाहपुर के छात्रों का जलवा : शिवानी बनी जिला सेकेंड टॉपर, वैभव-प्रिंस ने भी लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शाहपुर (भोजपुर)।** इंटरमीडिएट परीक्षा में शाहपुर प्रखंड के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शाहपुर नगर पंचायत स्थित हरिनारायण इंटर कॉलेज की छात्रा वार्ड संख्या 9 निवासी शिवानी गुप्ता ने कला संकाय में 468 अंक यानी 93.60 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया है। शिवानी का सपना यूपीएससी क्रैक कर आईएएस अधिकारी बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता गुड़िया देवी व पिता रंजीत कुमार गुप्ता को दिया। जिन्होंने उनकी पढ़ाई के लिए लगातार मेहनत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विष्णु शंकर सिंह ने बताया कि शिवानी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है और उनसे टॉपर बनने की उम्मीद थी। वीहीं दियरांचल क्षेत्र के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्लस टू विद्यालय करनामेपुर व ज्ञान ज्योति कोचिंग सेंटर के छात्र वैभव कुमार पांडेय ने विज्ञान संकाय में 443 अंक प्राप्त कर 88.6 प्रतिशत हासिल किया है। वैभव ने जेईई एडवांस की परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। इसी विद्यालय के दिलमनपुर गांव निवासी पवन कुमार पांडेय के पुत्र प्रिंस पांडेय ने भी विज्ञान संकाय में 425 अंक यानी 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानंद ओझा एवं कोचिंग सेंटर के निदेशक लक्ष्मण यादव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रों की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों व अभिभावकों ने भी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है।



## तहसील सज्जाद ने इंटर आर्ट्स में भोजपुर में पाया तीसरा स्थान

**आरा।** कोईलवर प्रखंड के हरिवंश उच्च विद्यालय चांदी, भोजपुर की छात्रा तहसीन सज्जाद ने इंटर आर्ट्स की परीक्षा में पूरे भोजपुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उसने परीक्षा में 467 यानि 93.4 प्रतिशत अंक हासिल किया है। तहसीन के पिता मोहम्मद सज्जाद असलम उर्फ टुनटुन सर प्राइवेट शिक्षक (अंग्रेजी) हैं। जबकि मां सहिना बानो गृहणी है। तहसील ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उसकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं व गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

# स्वच्छता पखवारा एवं जल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**आरा (भोजपुर)।** गंगा समिति, भोजपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार गंगा स्वच्छता पखवाड़ा एवं जल महोत्सव 2026 विशेष दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय परिसर, भोजपुर में किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति भोजपुर के निर्देश अनुसार कराया गया कार्यक्रम के पहले सत्र में जल अर्पण जागरूकता रैली श्रमदान एवं स्वक्षता शपथ का आयोजन किया गया। इस सत्र के मुख्य अतिथि अतिथि के रूप में निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण भोजपुर कल्याण पदाधिकारी भोजपुर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी भोजपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी और राष्ट्रीय कैडर कोर के अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जल अर्पण कर जल संचय का संदेश दिया एवं हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में 8 बिहार बटालियन एनसीसी कैडेट्स एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में जिले के फिजिकल एकेडमी और विद्यार्थियों ने भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम उद्घाटन इस सत्र के मुख्य अतिथि वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी भोजपुर, वरीय उप समाहर्ता भोजपुर, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ मिशन ग्रामीण भोजपुर, जिला समन्वयक आई टी सी सुनहरा कल एवं राष्ट्रीय कैडर कोर जेसीओ विमला कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस सत्र में दीप प्रज्वलन के बाद अतिथियों के सम्मान एवं उपस्थित अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यक्रम के तीसरे सत्र में पेंटिंग और गंगा ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं उप विकास आयुक्त के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर ने बताया कि 16 से 31 मार्च 2026 तक जिले में विभिन्न जल स्रोतों के निकट स्वच्छता श्रमदान, जल संरक्षण शपथ, नुक्कड़ नाटक, पौधारोपण, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा महाविद्यालयों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की किया जा रहा है आज ये कार्यक्रम विशेष दिवस के रूप में मनाया गया।

# जलभरी शोभायात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चरपोखरी (भोजपुर)।** जिले के चरपोखरी में श्री श्री 108 स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में हो रहे श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ सोमवार को भव्य जलभरी शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ।इस अवसर पर यज्ञ स्थल से जलभरी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। जलभरी में अगिआंव विधायक महेश पासवान भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड-बाजे के साथ घोड़े थे। इनके पीछे लाल-पीले परिधानों में नंगे पांव कलश लिए महिला, युवक और युवतियों का समूह जयघोष करते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था।प्रखंड के सियाडीह स्थित मलार नदी के घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरा। इसके बाद कलशधारी श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया और सुख-समृद्धि की कामना की।महायज्ञ के यज्ञाचार्य शशिकांत मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन 23 मार्च को जलभरी शोभायात्रा से शुरू हुआ है। इसका समापन 27 मार्च को पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोज, प्रसाद वितरण और ब्राह्मण विदाई के साथ होगा। उन्होंने ने बताया कि प्रतिदिन प्रवचन, रामलीला व देवी जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रशासन द्वारा जलभरी शोभायात्रा में सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था।

## डा. लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक

**पीरो (भोजपुर)।** समाजवादी चिंतक व विचारक डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर कृतज्ञ लोगों द्वारा उन्हें श्रद्धा भाव से याद किया गया। इस मौके पर पीरो नगर के लोहिया चौक स्थित डा. राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए कई समाजवादी नेता व कार्यकर्ता पहुंचे थे। डा. लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के पश्चात अपने संबोधन समाजवादी नेता व अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद प्रमोद कुमार सिंह, संजय यादव, घनश्याम सिंह, सुनील कुमार सिंह, मदन सिंह आदि थे।

## शहीद दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आरा नगर इकाई द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय महाराजा कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मंच पर उपस्थित विद्यार्थी परिषद् के प्रदेश मंत्री छोटू सिंह, शोध कार्य संजयोक चंदन तिवारी, प्रांत छात्रा सह प्रमुख कल्पना भारती, यशवंत सिंह, जिला संयोजक अनूप सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां शारदे के चैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम का विषय परिवेश जिला संयोजक अनूप ने लिया। वही छात्रों को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री छोटू सिंह ने कहा कि शहीद दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और स्वास्थ्य-चेतना जगाना है। परिषद् का उद्देश्य युवाओं में सेवा, संस्कार और राष्ट्र-निर्माण की भावना को सुदृढ़ करना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### इंटर में बेटियों ...

अमृता कुमार और दरभंगा की स्वीटी कुमारी रही, जिन्हें 476 नंबर मिले। वहीं पांचवे टॉपर्स में अररिया की बीबी असराना, सारण की रौशनी कुमारी और दरभंगा के मनीष कुमार ने कब्जा जमाया, सभी को 475 अंक प्राप्त हुए। कॉमर्स में पटना की माही कुमारी 476 अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। पटना की निशिका श्री 475 मार्क्स लाकर तीसरे पर रही। चौथे स्थान पर वैशाली की मानवी कुमारी और नवादा की श्रेया कुमारी रही, जिन्हें 474 अंक प्राप्त हुए हैं। पांचवें स्थान पर पटना की वरीषा नौशाद और हर्षिका रहे, जिन्हें 472 अंक प्राप्त हुए हैं। सुनील कुमार ने कहा कि सभी सफल छात्र-छात्राओं को हम बधाई देते हैं और जो सफल नहीं हुए उनसे उम्मीद करेंगे कि वह हतोत्साहित नहीं होंगे। आने वाले समय में परीक्षा देकर सफल होंगे। जो छात्र-छात्राएं असफल हुए हैं वह कोई गलत कदम ना उठाएं। उनके माता-पिता से आग्रह करेंगे कि उन्हें प्रोत्साहित करें। इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक राज्यभर के 1762 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा में कुल 13.17 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें छात्राओं की संख्या 6.75 लाख रही, जबकि छात्रों की संख्या 6.42 लाख दर्ज की गई।

### देश की प्रगति ...

2030 के बीच में जहानाबाद जिले में अनेक काम कराये जायेंगे। रोजगार के लिए जिले की 1 लाख 74 हजार महिलाओं को 10 हजार रूपये के हिसाब से राशि दी जा चुकी है। इन्हें रोजगार आगे बढ़ाने के लिए 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जायेगी। जहानाबाद जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। डेयरी को बढ़ावा देने के लिए जिले के शेष 13 गांवों में दूध उत्पादन समितियों का गठन तथा सभी 93 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केन्द्र खोला जायेगा। सभी सात प्रखण्डों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कलेज की स्थापना की जायेगी। सभी सात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट अस्पताल तथा जहानाबाद सदर अस्पताल को अति विशिष्ट अस्पताल बनाया जायेगा। जहानाबाद जिले में खेलों के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत कठिनाइयों को दूर कर लोगों के लिए सरकारी सुविधाएं प्राप्त करना आसान बनाया जायेगा। इन कामों से जिले का पूरे तौर पर विकास होगा। केन्द्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अब बिहार बहुत आगे बढ़ेगा और देश के विकसित राज्यों में शामिल हो जायेगा।

# अत्याधुनिक तकनीक से कम समय में हो रहा नई दवाओं का विकास

## औरंगाबाद में दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन फार्मा स्पेक्ट्रम 2026' का शानदार आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो









**औरंगाबाद।** फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से हो रहे नवाचार ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीन एडिटिंग, डिजिटल हेल्थ और बायोटेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग से दवा निर्माण, रोग निदान और उपचार की प्रक्रिया में अभूतपूर्व बदलाव देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, अब दवा खोज की प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज, सटीक और किफायती हो गई है। एआई और मशीन लर्निंग तकनीक के माध्यम से नई दवाओं का विकास कम समय में संभव हो रहा है जिससे गंभीर बीमारियों के इलाज में तेजी आई है। इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म और स्मार्ट लैब के उपयोग से अनुसंधान कार्य भी अधिक प्रभावी हो गया है। यह बातें मुख्य अतिथि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, दिल्ली के वैज्ञानिक 'जी' एवं एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राजेश अरोड़ा ने कही। वे यहां बियाडा परिसर स्थित महादेवा लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आज से आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'फार्मा स्पेक्ट्रम-2026' को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में 'फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार और भविष्य के रुझान' विषय पर चर्चा की गई। कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. ब्रजकिशोर सिंह ने कहा कि बायोमेडिकल क्षेत्र में पर्सनलाइज्ड मेडिसिन का चलन तेजी से बढ़ रहा है। इस पद्धति में प्रत्येक व्यक्ति के जीन, जीवनशैली और स्वास्थ्य डेटा के आधार पर अलग-अलग उपचार तैयार किए जा रहे हैं। जीन एडिटिंग तकनीकों के जरिए कैंसर और दुर्लभ आनुवंशिक बीमारियों के इलाज में नई संभावनाएं खुली हैं। नई तकनीकों में इन-सिलिको ट्रायल भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें आधुनिक तरीके से दवाओं का परीक्षण किया जा रहा है। इससे न केवल समय और लागत में कमी आ रही है बल्कि पारंपरिक परीक्षण प्रक्रियाओं पर निर्भरता भी घट रही है। कॉलेज की चेयरपर्सन सरिता सिंह ने कहा कि भारत के संदर्भ में देखा जाए तो यह क्षेत्र देश के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आया है। मजबूत वैज्ञानिक आधार, सस्ती दवा उत्पादन क्षमता और तेजी से बढ़ते तकनीकी निवेश के कारण भारत वैश्विक बायोमेडिकल नवाचार का केंद्र बन सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर इन चुनौतियों का समाधान करें, तो आने वाले वर्षों में फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाएंगे, बल्कि मानव जीवन की गुणवत्ता में भी व्यापक सुधार लाएंगे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विकास कुमार सिंह ने कहा कि 'फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार और भविष्य के रुझान' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग पेशेवरों और छात्रों को नैनो तकनीक, अनुकूलित दवाओं के डिजाइन के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग, वास्तविक दुनिया के साक्ष्य-आधारित डेटा-संचालित दवा विकास, विकेन्द्रीकृत नैदानिक परीक्षण और फार्मास्युटिकल विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति का पता लगाने के लिए एक साथ लाना है। इस सम्मेलन में भारत के अलावा अन्य देशों के भी वक्ता शामिल हुए। इनमें बुरफा विश्वविद्यालय, सेन्सूक, थाईलैंड की डॉ. तनिकन सांगनिम, डॉ. कमपनार्ट हुआनबुट्टा, पोखरा विश्वविद्यालय, नेपाल के डॉ. गुलाम मोहम्मद खान, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्रो. (डॉ.) विवेक डेव, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर परिसर, गुजरात के डॉ. राकेश यादव, तंजानिया के डॉ. रिचर्ड चेरेहानी काशिंड्ये, भारत के डॉ. दीपक कुमार, डॉ. परमिता पॉल (दुआ) शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अमेरिका से मलाईका नामदास, मलेशिया से डॉ. ओमोटायो फतोकुन तथा नाइजीरिया से प्रो. (डॉ.) अजायी अयोडेजी फोलोरुन्शो ने फार्मा और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार तथा भविष्य पर अपने विचार रखे। मौके पर वाराणसी के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. ओ. पी. तिवारी, विभागाध्यक्ष कौसर शफात आदि मौजूद रहे।

# बिना लाइसेंस नहीं निकलेगा कोई जुलूस

## रामनवमी में एक-दूसरे की भावनाओं का रखना होगा ख्याल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि रामनवमी पर्व के अवसर पर सभी जुलूसों का शत-प्रतिशत लाईसेंसी होना अनिवार्य होगा तथा बिना अनुज्ञप्ति किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस हेतु अनुज्ञप्ति निर्धारित शर्तों के साथ निर्गत की जाएगी तथा अनुज्ञप्ति में अंकित समय, मार्ग एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा तथा जुलूस के दौरान किसी प्रकार का हथियार प्रदर्शन, तलवारबाजी अथवा शक्ति प्रदर्शन पूर्णतः वर्जित रहेगा। किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक अथवा धार्मिक कार्यक्रम प्रशासन की पूर्व अनुमति के बिना आयोजित नहीं किया जाएगा। उन्होंने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन करते हुए विगत वर्षों में उत्पन्न विवादों एवं संभावित संवेदनशील स्थलों की समीक्षा कर ही अनुज्ञप्ति निर्गत की जाए। जुलूस मार्ग को अवरोधमुक्त रखना सुनिश्चित किया जाए तथा मार्ग में पड़ने वाले मंदिर, मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थलों के समीप विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि जुलूस शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। जुलूस समितियों को पर्याप्त संख्या में वालंटियर प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया गया, जिससे भीड़ नियंत्रण एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। जिलाधिकारी द्वारा नगर क्षेत्र एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं फॉगिंग कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए। पर्व के दौरान निरंतर पुलिस गश्ती सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि रामनवमी पर्व के अवसर पर शांति, आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखते हुए प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, के अलावा सभी अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी, सभी थाना अध्यक्ष, जिला शांति समिति के सदस्य सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परिवादियों को समय-समय पर उपलब्ध कराएं प्रगति की जानकारी : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत संचालित सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित परिवादियों से एक-एक कर संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कुल 45 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब नहीं हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रगति की जानकारी परिवादियों को समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे प्रशासन के प्रति आम जनता का विश्वास और सुदृढ़ हो सके।

# प्रतिदिन औसतन मांग 11129 के विरुद्ध लगभग 9697 सिलेंडर की डिलीवरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 11129 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 9697 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया टेंट सिटी का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव चैती छठ मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालु छठव्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह द्वारा सूर्य कुंड स्थित जीवा बिगहा मोड़ के समीप निर्मित टेंट सिटी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि देव में पहली बार छठ महापर्व के अवसर पर दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु टेंट सिटी की व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य छठ व्रतियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधाजनक आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि वे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भगवान भास्कर की आराधना कर सकें। टेंट सिटी में व्रतियों के ठहरने हेतु फोल्डिंग बेड, गद्दा, बेडशीट, चादर, तकिया सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। टेंट सिटी परिसर में समुचित निगरानी की व्यवस्था भी की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि टेंट सिटी में उपलब्ध सुविधाओं का नियमित निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करना सुनिश्चित करें। साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाते हुए प्रशासन का सहयोग करें तथा निर्धारित व्यवस्था का पालन करते हुए छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करें।

# लूटकांड में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डकैती कांड में फरार दो आरोपितों को देवकुंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अरवल जिले के कारपी थाना क्षेत्र के बैर बिगहा निवासी अंकुर कुमार एवं हसपुरा थाना क्षेत्र के गांधी नगर निवासी प्रतीक कुमार उर्फ रॉकी पटेल के रूप में की गई है। दोनों की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के गांधीनगर से की गई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने लूटकांड को लेकर एक व्यक्ति द्वारा 1 दिसंबर 2025 को आवेदन दिया गया था जिसमें बताया कि थाना क्षेत्र के रामपुर चाय सडक पर रात्रि में अपराधियों द्वारा मारपीट और गाली गलौज करते हुए बाइक तथा मोबाइल फोन लूट लिया गया। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने छानबीन की। इसी क्रम में दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।




बिहार दिवस, चैती छठ एवं नवरात्रि पर 'ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन' की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

शिवम कुमार

संस्थापक

ग्रीन वाइल्ड फाउंडेशन

रोहतास (बिहार)


# डीएम ने छठव्रतियों की सुविधा के लिए नि:शुल्क ऑटो सेवा को दिखाई हरी झंडी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव चैती छठ मेला-2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा निःशुल्क परिवहन सेवा का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दरभंगा मोड़ से सूर्य मंदिर के समीप तक श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निःशुल्क ऑटो सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। देव चैती छठ मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर की आराधना एवं छठ व्रत करने हेतु सूर्य मंदिर एवं सूर्य कुंड परिसर पहुंचते हैं। मेले में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यह निःशुल्क परिवहन सेवा का संचालन दरभंगा मोड़ से सूर्य मंदिर क्षेत्र तक किया जा रहा है जिससे विशेष रूप से महिला, वृद्ध, दिव्यांग एवं दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी।

# 33 समितियों ने की लक्ष्य के 85 प्रतिशत से भी कम धान की अधिप्राप्ति

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति एवं रब्बी विपणन मौसम 2026-27 गेहूँ अधिप्राप्ति से संबंधित जिला टास्क फोर्स की बैठक योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा धान अधिप्राप्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 33 समितियों द्वारा अब तक लक्ष्य का 85 प्रतिशत से भी कम अधिप्राप्ति की गई है। इस संबंध में जिला टास्क फोर्स की बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे पैक्स का लक्ष्य घटा दिया जाए तथा शत-प्रतिशत अधिप्राप्ति करने वाले पैक्सों के बीच लक्ष्य का पुनर्वितरण किया जाए। सीएमआर की समीक्षा उपरांत समितियों द्वारा तीव्र गति से एसटीआर निर्गत करने तथा आपूर्ति किए गए सीएमआर की राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने हेतु राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया।